• जयपुर, शुक्रवार 7 अगस्त 26 • वर्ष 15 • अंक 280 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

RNI. No. RAJHIN/2011/40950

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● स्वामी विवेकानंद

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित



विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित



# टैरिफ पर ट्रंप के बुरे दिन, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लौटाए 100 अरब डॉलर

## रद्द किए गए आयात शुल्क की धनवापसी जारी, कुछ भारतीय कंपनियों को भी मिल सकता है लाभ

**वाशिंगटन/एज्जेंसी।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में लगाए गए व्यापक आयात शुल्कों को लेकर लिया गया फैसला अब स्वयं ट्रंप प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है। अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इन शुल्कों के बड़े हिस्से को निरस्त किए जाने के बाद ट्रंप प्रशासन अब तक लगभग 100 अरब अमेरिकी डॉलर आयातकों को वापस कर चुका है। शेष राशि लौटाने की प्रक्रिया भी जारी है।

यह धनवापसी उन अतिरिक्त आयात शुल्कों की है, जिन्हें विभिन्न कंपनियों ने अमेरिका में सामान आयात करते समय जमा कराया था। बाद में सर्वोच्च न्यायालय ने इन शुल्कों के बड़े हिस्से को असंवैधानिक या अवैध ठहराते हुए निरस्त कर दिया, जिसके बाद सरकार पर आयातकों को धन लौटाने की जिम्मेदारी आ गई।

अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय ने फरवरी में 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए राष्ट्रपति के टैरिफ संबंधी कई व्यापक प्रावधानों को रद्द कर दिया था। न्यायालय के निर्णय से पहले ट्रंप प्रशासन आयातकों से लगभग 166 अरब अमेरिकी डॉलर का अतिरिक्त आयात शुल्क वसूल चुका था। अदालत के आदेश के बाद सरकार को यह राशि वापस करनी पड़ रही है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार जुलाई के अंत तक करीब 100 अरब अमेरिकी डॉलर आयातकों को लौटाए जा चुके हैं, जबकि शेष धनराशि की वापसी की प्रक्रिया जारी है।

अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा एजेंसी (सीबीपी) ने न्यायालय में दायर एक याचिका में बताया कि संभावित और स्वीकृत 128.68 अरब अमेरिकी डॉलर की धनवापसी में से तीन-चौथाई से अधिक राशि संबंधित आयातकों को वापस कर दी गई है।

अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय में दायर दस्तावेज में सीबीपी के व्यापार नीति एवं कार्यक्रम निदेशालय के कार्यकारी निदेशक ब्रैंडन लॉर्ड ने कहा कि एजेंसी की वित्तीय प्रणाली को अमेरिकी वित्त विभाग से लगातार अद्यतन जानकारी प्राप्त हो रही है। जिन धनवापसी दावों को मंजूरी मिल चुकी है, उनकी राशि नियमित रूप से संबंधित आयातकों के खातों में भेजी जा रही है।

विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिका में संचालित कुछ भारतीय कंपनियां या उनकी सहायक इकाइयां भी इस धनवापसी योजना का लाभ उठा सकती हैं।

## ताजा खबर

### तरुण तेजपाल को बड़ा झटका : बॉम्बे हाई कोर्ट ने बरी करने का फैसला पलटा, रेप केस में ठहराया दोषी



**मुंबई/एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट की गोवा बेंच ने गुरुवार को 2013 के चर्चित यौन उत्पीडऩ मामले में पूर्व 'तहलका' एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल को बड़ी कानूनी राहत देने वाले निचली अदालत के फैसले को पलट दिया। हाई कोर्ट ने मापुसा सेशंस कोर्ट द्वारा तेजपाल को बरी किए जाने का फैसला रद्द करते हुए उन्हें दोषी ठहराया है। अब सजा के निर्धारण पर अलग से सुनवाई होगी। जस्टिस डॉ. नीला गोखले और जस्टिस अमित जमसंडेकर की खंडपीठ ने गोवा सरकार की अपील स्वीकार करते हुए यह फैसला सुनाया।

### अतीक अहमद का एक और चिराग बुझा, छोटे बेटे की दर्दनाक मौत, इस तरह खत्म हुआ 'डॉन' का कुनबा


**झांसी/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में गुरुवार को माफिया अतीक अहमद के छोटे बेटे अबान अहमद समेत दो लोगों की भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई जबकि कई गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है सभी कार सवार प्रयागराज से झांसी जेल में बंद अतीक के बड़े बेटे अली अहमद से मुलाकात करने जा रहे थे। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार, हादसा झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूछ थाना क्षेत्र के के पास हुआ। प्रयागराज से झांसी आ रही क्रेटा कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई।

# विकसित भारत के निर्माण में प्रादेशिक सेना की भूमिका महत्वपूर्ण : राजनाथ सिंह

## रक्षा मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में प्रादेशिक सेना को और सशक्त बनाने पर मंथन, आपदा राहत, पर्यावरण संरक्षण और आंतरिक सुरक्षा में योगदान की सराहना

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का मुख्य विषय प्रादेशिक सेना रहा, जिसमें बल की भूमिका, दायित्व, उपलब्धियों और भविष्य में इसे और अधिक प्रभावी बनाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने समिति के सदस्यों को प्रादेशिक सेना के अधिदेश, संचालन व्यवस्था और विभिन्न क्षेत्रों में उसके योगदान की विस्तृत जानकारी दी। समिति के सदस्यों ने बल को और सुदृढ़ करने तथा इसकी कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।



बैठक को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में प्रादेशिक सेना की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जहां नियमित सशस्त्र बल देश की सीमाओं की सुरक्षा और रक्षा संबंधी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं, वहीं प्रादेशिक सेना सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सरोकारों और राष्ट्रीय सेवा जैसे अनेक क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय योगदान दे रही है।

उन्होंने प्रादेशिक सेना को नागरिक-सैनिक अवधारणा का जीवंत उदाहरण बताते हुए कहा कि इसके सदस्य सामान्य नागरिक जीवन में अपने-अपने पेशों में कार्यरत रहते हुए भी आवश्यकता पडऩे पर वर्दी पहनकर सीमाओं की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था देश की रक्षा क्षमता को मजबूत करने के साथ समाज और सेना के बीच विश्वास का सेतु भी तैयार करती है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रादेशिक सेना प्रशिक्षित सैनिकों का एक सशक्त आरक्षित बल उपलब्ध कराती है, जिसे आवश्यकता पडऩे पर शीघ्र तैनात किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सेवा अवधि पूरी कर नागरिक जीवन में लौटने वाले जवान समाज में सेना के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते हैं और विशेषकर युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करते हैं।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रादेशिक सेना में लगभग 44,400 प्रशिक्षित कर्मी कार्यरत हैं तथा इसकी 59 विविध इकाइयां देशभर में सेवाएं दे रही हैं। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में इसकी भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि केरल की बाढ़, ओडिशा के चक्रवात और हाल ही में असम में आई बाढ़ के दौरान प्रादेशिक सेना ने राहत सामग्री पहुंचाने, बचाव अभियान चलाने और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में अग्रिम पंक्ति में रहकर उल्लेखनीय कार्य किया।

# पंजाब सरकार की प्रति माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली योजना से राज्य के लाखों परिवारों को मिली बड़ी आर्थिक राहत





**पटियाला/एजेंसी।**

पंजाब सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को प्रदान की जा रही प्रति माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा से राज्य के लगभग एक करोड़ बिजली उपभोक्ताओं में से करीब 90 प्रतिशत परिवारों को बड़ी आर्थिक राहत मिली है। राज्य सरकार की इस योजना ने सामान्य, मध्यम वर्गीय, गरीब तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर बिजली बिलों का बोझ कम किया है। इसके परिणामस्वरूप उनके मासिक बिजली खर्च में उल्लेखनीय कमी आई है और उन्हें प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ है।

आज पंजाब के लाखों परिवार राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठा रहे हैं। बिजली बिलों पर खर्च होने वाली राशि का उपयोग बड़ी संख्या में परिवार अपने बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, घरेलू आवश्यकताओं तथा अन्य महत्वपूर्ण खर्चों पर कर रहे हैं।

इतना ही नहीं, इस योजना का एक और महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव यह देखने को मिला है कि लोगों में बिजली के संतुलित एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ी है। अब बड़ी संख्या में परिवार अपनी मासिक बिजली खपत को 300 यूनिट के भीतर रखने के लिए विशेष प्रयास कर रहे हैं।

अनेक उपभोक्ता अनावश्यक विद्युत उपकरणों को बंद रखते हैं, एलईडी बल्बों तथा कम ऊर्जा खपत वाले विद्युत उपकरणों का अधिक उपयोग कर रहे हैं और एयर कंडीशनर (ए.सी.), हीटर जैसे अधिक बिजली खपत करने वाले उपकरणों का भी आवश्यकता एवं विवेक के अनुसार उपयोग कर रहे हैं।

इन प्रयासों का सीधा लाभ उन परिवारों को मिला है जिन्होंने अपनी मासिक बिजली खपत 300 यूनिट के भीतर बनाए रखी। ऐसे उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में उल्लेखनीय बचत हुई है। पंजाब सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना के परिणामस्वरूप राज्य के लगभग 90 प्रतिशत बिजली उपभोक्ता आज बिजली बिलों के आर्थिक बोझ से राहत प्राप्त कर चुके हैं।

- **गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों का घरेलू बजट हुआ मजबूत**
- **बिजली के विवेकपूर्ण उपयोग और ऊर्जा संरक्षण की आदत को मिला बढ़ावा**
- **राज्य के बिजली उपभोक्ता अपनी मासिक खपत 300 यूनिट के भीतर रखने के लिए कर रहे हैं प्रयास**

# सुप्रीम कोर्ट से आसाराम को झटका, खराब सेहत के आधार पर नहीं मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

जोधपुर में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम बापू को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली। खराब सेहत के आधार पर अंतरिम जमानत की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने अभी कोई आदेश नहीं दिया।



शीर्ष कोर्ट ने याचिका को लंबित रखते हुए कहा कि अगर आगे हालत ज्यादा बिगड़ती है तो दोबारा अंतरिम जमानत की मांग की जा सकती है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अभी अंतरिम जमानत पर कोई आदेश नहीं दिया जा सकता। आसाराम की याचिका फाइल पर रहेगी। जरूरत पडऩे पर बाद में फिर सुनवाई होगी। राजस्थान सरकार की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि आसाराम ने हाईकोर्ट से 20 दिन की पैरोल मांगी है लेकिन सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम जमानत की बात छिपाई। फिलहाल आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से 20 दिन की पैरोल मिली हुई है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम की जमानत याचिका पर फैसला लेने से पहले एम्स से विस्तृत मेडिकल रिपोर्ट मांगी थी। एम्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आसाराम को अभी अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं है लेकिन उनकी सेहत पर 24 घंटे नजर रखी जानी चाहिए। 21 जुलाई को हुई सुनवाई में कोर्ट ने राजस्थान सरकार से आसाराम की ताजा मेडिकल रिपोर्ट मांगी थी।

# दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड समेत कई राज्यों में भारी बारिश से मचेगी तबाही! आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली/एजेंसी।** दक्षिण-पश्चिम मानसून देश के कई हिस्सों में अपना रौद्र रूप दिखा रहा है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, असम, केरल और गुजरात में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई स्थानों पर आई बाढ़ ने भारी नुकसान पहुंचाया है। असम और केरल में बाढ़ एवं बारिश से अब तक 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि करीब 1.25 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। मौसम विभाग ने एक बार फिर देश के कई राज्यों में भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, बारिश का यह दौर सोमवार 10 अगस्त तक जारी रहने की संभावना है। इस दौरान कई इलाकों में तेज बारिश के साथ आंधी-तूफान की स्थिति भी बन सकती है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, शुक्रवार 7 अगस्त को देश के कई राज्यों में भारी बारिश होने का अनुमान है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, असम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश सहित पूर्वोत्तर के कई राज्यों में तेज बारिश की संभावना जताई गई है।

## सोसाइटी के 1640 परिवारों में दहशत

# दूषित पानी का कहर : ग्रेटर नोएडा में 100 से अधिक लोग बीमार

**ग्रेटर नोएडा/एजेंसी।**

ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित निराला ग्रीन आर्क सोसायटी में दूषित गंगाजल की आपूर्ति से 100 से अधिक लोग बीमार पड़ गए हैं। निवासियों का दावा है कि पानी की जांच में 'कोलीफार्म और ई.कोलाई बैक्टीरिया' की पुष्टि हुई है। इस घटना के बाद सोसायटी के 11 टावरों में रहने वाले करीब 1,640 परिवारों में दहशत का माहौल है। लोगों ने अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

निवासियों के अनुसार, पिछले दो महीने से गंगाजल की गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायतें की जा रही थीं। बीते एक सप्ताह के दौरान सोसायटी के व्हाट्सएप ग्रुपों में उल्टी, दस्त, पेट दर्द और बुखार के मामलों की संख्या तेजी से बढऩे लगी।

स्थिति गंभीर होने पर एओए ने पानी के नमूने निजी लैब में जांच के लिए भेजे। रिपोर्ट में पानी को पीने योग्य नहीं पाया गया। जांच में 'कोलीफार्म और ई.कोलाई बैक्टीरिया' की मौजूदगी मिली, जिन्हें जलजनित बीमारियों का प्रमुख कारण माना जाता है। निवासियों का दावा है कि पिछले दो सप्ताह में 100 से अधिक लोग बीमार हुए हैं, जिनमें करीब 70 बच्चे शामिल हैं।



बीमारी फैलने के बाद अधिकांश परिवार अब आरओ का पानी भी उबालकर पीने को मजबूर हैं। निवासी पवन ने बताया कि उनके परिवार के सभी सदस्य बीमार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

निवासी नवल किशोर सिंह ने आरोप लगाया कि एओए ने समय पर ओवरहेड टैंकों की सफाई और पानी की जांच नहीं कराई। उनका कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाते, तो इतनी बड़ी संख्या में लोग बीमार नहीं पड़ते।

एओए के जनरल सेक्रेटरी गौतम भाटिया ने कहा कि निवासियों की शिकायत मिलने के बाद ही पानी की जांच कराई गई और रिपोर्ट आने के तुरंत बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को सूचना दे दी गई। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा लगाए जा रहे आरोप गलत हैं। बरसात के मौसम में ओवरहेड टैंकों की सफाई संभव नहीं है, इसलिए सितंबर के पहले सप्ताह से सफाई अभियान शुरू कराया जाएगा।

मामले की जानकारी मिलने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम सोसायटी पहुंची और पानी के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## संपादकीय

# मेटा ने मानी गलती

आजकल भारत सरकार और मेटा (इंस्टाग्राम और फेसबुक चलाने वाली कंपनी) के बीच रस्साकशी चल रही है। यह रस्साकशी तब सामने आई जब जंतर-मंतर और देश के कई हिस्सों में स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट के दौरान 23 जुलाई को स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का वीडियो फेसबुक और इंस्टाग्राम से कुछ समय के लिए हटा दिया गया था, लेकिन बाद में उसे फिर से बहाल कर दिया गया था। मीडिया में आई खबर के अुनसार मेटा की ओर से कहा गया था कि तकनीकी गड़बड़ी की वजह से वीडिया हट गया था, जिसे दोबारा बहाल कर दिया गया था। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस स्पष्टीकरण को 'अपर्याप्त' बताया था। इस विवाद के बीच खबर आई कि इंस्टाग्राम पर यौन शोषण से जुड़े विज्ञापनों के लिए मेटा के मालिक मार्क जकरबर्ग ने माफी मांगी है। हालांकि जकरबर्ग और मेटा का इस संबंध में अभी तक कोई बयान सामने नहीं आया है। मीडिया की एक पड़ताल में सामने आया था कि इंस्टाग्राम भारत में पैसे लेकर ऐसे विज्ञापन चला रहा है, जिनके जरिए बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री का प्रसार हो रहा है। पड़ताल कुछ कहती हो, लेकिन यह सच है कि इंस्टाग्राम और फेसबुक पर अश्लील सामग्री का प्रसार होता है। कई बार तो सॉफ्ट पोर्न जैसे वीडिया चलाए जाते हैं। जाहिर है, यह सब मोटा पैसा लेकर चलाए जाते होंगे। छोटी सी गलती के लिए यूजर को सजा देने वाला मेटा कैसे इंस्टाग्राम और फेसबुक पर अश्लील सामाग्री चलाता है। मीडिया के सूत्रों के अनुसार मेटा ने माना है कि बहुत सारा गैर-कानूनी कंटेंट प्रमोट किया गया था और खास ऑडियंस के लिए पेड प्रमोशन किया गया था। अगर मीडिया से सूत्र सही हैं, तो यह गंभीर बात है। सवाल एक और भी है। अगर मेटा प्रधानमंत्री का वीडियो कुछ घंटों के लिए नहीं रोकता तो क्या अश्लील कंटेट वाला मामला सामने आता? क्या यह माना जाए कि सरकार जान कर भी चुप थी? जांच तो यह भी होनी चाहिए कि क्या इंस्टाग्राम और फेसबुक पर पैसा लेकर नफरत फैलाने वाली सामग्री प्रसारित की जाती है? बुधवार को मेटा के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नई दिल्ली में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन से मुलाकात ऐसे ही नहीं हुई होगी। मोदी का वीडियो हटा कर क्या मेटा ने भारत सरकार से नाराजगी मोल ले ली है?

**अगर मेटा प्रधानमंत्री का वीडियो कुछ घंटों के लिए नहीं रोकता तो क्या अश्लील कंटेट वाला मामला सामने आता? क्या यह माना जाए कि सरकार जान कर भी चुप थी?**

## पाठकवाणी

# बैठक में क्यों नहीं पहुंचे ओवैसी?

राज्यसभा के पूर्व सांसद मोहम्मद अदीब द्वारा दिल्ली में जो एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन 24 जुलाई को किया गया था, जिसमें कई मुस्लिम सांसदों से लेकर मुस्लिम उलेमा और कई बड़े संगठनों से जुड़े मुसलमानों की मौजूदगी रही। उस बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से मुस्लिम लीडरान पहुंचे थे और उन्होंने वहां पर मौजूदा समय में मुसलमानों के सामने पेश आती समस्याओं का कैसे हल निकले इसको लेकर विचार विमर्श किया था। इसी बैठक में एमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी को भी बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं पहुंचे। इस बारे में राज्यसभा के पूर्व सांसद मोहम्मद अदीब ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि असदुद्दीन ओवैसी के बैठक में शामिल न होने से हमको काफी मायूसी हुई है। आखिर वह यहां पर क्यों नहीं पहुंचे, जबकि वह मुसलमानों की मुल्क में एक मजबूत आवाज माने जाते हैं और इस बैठक में तो उनके पहुंचने की काफी उम्मीद थी। असदुद्दीन ओवैसी देशभर में मुसलमानों के अधिकारों की आवाज सड़क से लेकर मीडिया और पार्लियामेंट तक में बुलंद करते हैं, तो जाहिर सी बात है कि दिल्ली में आयोजित हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में उनके पहुंचने की काफी उम्मीदें थी कि वह वहां पर मुसलमानों के ताल्लुक से अपनी बात में क्या कहेंगे इस पर भी सबकी नजरें बनी हुई थीं, लेकिन वहां पर असदुद्दीन ओवैसी के शिरकत न करने से कई सवाल खड़े होते हैं। वह इस बैठक में क्यों नहीं पहुंचे थे?

## सोशल मीडिया

# बांकीपुर रिजल्ट का असर

बांकीपुर के चुनाव परिणाम में बीजेपी के ईको सिस्टम को हिला दिया है? नीतीश को दिल्ली बुलाने और बिहार में अपना मुख्यमंत्री बिठाने के बाद भारतीय जनता पार्टी बिहार को लेकर बहुत आश्वस्त थी। लेकिन बाकीपुर में जिस तरह बिहार के डेमोग्राफी का स्वरूप उबर कर आया है, उसने भारतीय जनता पार्टी को सोचने पर मजबूर कर दिया। आश्चर्यजनक रूप से प्रधानमंत्री कार्यालय से नरेंद्र मोदी के साथ नीतीश कुमार के चित्र जारी हुए जिसमें नीतीश कुमार के सहयोगी भी थे और उसका लब्बेलुबाब था नीतीश बिहार में वापसी कर सकते हैं? प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी इस चित्र की क्रोनोलॉजी समझना आवश्यक है। भाजपा के रणनीतिकार जानते हैं दिल्ली की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश और बिहार तैयार करते हैं। राम मंदिर प्रकरण को लेकर उत्तर प्रदेश वैसे ही परेशान है। यदि बिहार में भी भाजपा को झटका लगता है तो भाजपा के लिए मुसीबत हो सकती है। बांकीपुर में जिस तरह भारतीय जनता पार्टी का ताना-बाना बिखरा, जिस तरह शिक्षित लोगों ने हर जाति धर्म वर्ग से भारतीय जनता पार्टी को नकारा भारतीय जनता पार्टी सोचने पर विवश हो गई। आखिर बांकीपुर देश का सबसे शिक्षित विधानसभा क्षेत्र है। न सिर्फ अगड़ा हिंदू प्रशांत किशोर के समर्थन में आया, बल्कि लव कुश के तमाम सेक्टर में कुशवाहा कर्मी और कोईरी वोटो में भी प्रशांत किशोर पर्याप्त समर्थन प्राप्त करते हुए नजर आए। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के सजातीय कायस्थ शिक्षित मतों ने भी पीके के प्रति अपना आकर्षण दिखाकर और ज्यादा चिंता की लकीर पैदा कर दी। बीजेपी समझ रही है नीतीश का वैक्यूम भरने के लिए प्रशांत किशोर की धुआंधार एंट्री हो चुकी है। नितिन नबीन और सम्राट चौधरी बिहार की जनता की प्राथमिकताओं पर खरे नहीं उतरते। बिहार की प्रबुद्ध और बुद्धिजीवी जनता ने ऐसे अनपढ़ नेताओं के आगे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण जैसे भाजपा के आजमाएं नुस्खे को नाकामयाब कर दिया। वही मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के लवकुश समुदाय के होने के बावजूद लव कुश समुदाय ने भी जिस तरह नीतीश कुमार को बिहार की राजनीति से अपदस्थ करने का प्रयास किया गया, उसके प्रति मुखरता से अपना विरोध दर्ज किया।

# तेजी से फैल रहे नफरत और भेदभाव, सबसे अहम युद्ध पर किसी का ध्यान नहीं




एक समय था, जब पर्यावरण के प्रति बहुत ज्यादा जागरूक लोगों को अव्यावहारिक आदर्शवादी या अकारण खतरे की घंटी बजाने वाला माना जाता था और उन्हें तरक्की की ऊंची सोच में बाधा डालने वाला समझा जाता था। अक्सर उन्हें विकास-विरोधी कहा जाता था और उनकी उपेक्षा की जाती थी। लेकिन, अब हम एक जिम्मेदार समाज के तौर पर विकास के ऐसे पड़ाव पर हैं, जहां हम धरती के साथ अपने व्यवहार में इस तरह के कुछ आदर्शवाद तो अपना ही सकते हैं, चाहे वह व्यक्तिगत स्तर पर हो या फिर संस्थागत स्तर पर।

व्यक्तिगत और संस्थागत, दोनों ही स्तरों पर हमें अपने खूबसूरत ग्रह, यानी पृथ्वी की सेहत को ध्यान में रखते हुए कोई भी ऐसा काम करने से खुद को रोकना होगा, जो जलवायु के दृष्टिकोण से असंगत या नुकसानदेह हो। पृथ्वी की सेहत, जलवायु से जुड़ी नैतिकता, कार्बन फुटप्रिंट और पारिस्थितिक असंतुलन जैसे शब्द अब बेहतर भविष्य के लिए हमारे एजेंडे के खिलाफ नहीं हैं। ये शब्द खतरे में पड़ी विरासत के प्रति हमारे नजरिये को दिखाते हैं। जब भी कोई राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री 'ड्रिल-बेबी-ड्रिल' (जोर-शोर से खोदाई) का नारा लगाता है, तो यह सिर्फ मजाकिया नहीं, बल्कि असंवेदनशील भी लगता है। जबकि, संवेदनशीलता ही वह गुण है, जो पृथ्वी से जुड़े हर व्यक्ति के लिए जरूरी है। पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता सिर्फ हमारे वर्तमान के लिए ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए भी बेहद जरूरी है। यह एक साझा गुण होना चाहिए, जो शासन-व्यवस्था के 'ग्रीन (हरित)' पहलू को नागरिक समाज के व्यवहार में आए बदलाव के साथ पूरी तरह तालमेल में लाए।

बदलाव और विकास का कोई भी घोषणापत्र, मनुष्यों के बुरे बर्ताव से खतरे में पड़े इस ग्रह की पुकार को नजरअंदाज नहीं कर सकता। जो राजनीति पर्यावरण से जुड़ी नैतिकता का मजाक उड़ाती है, वह विकल्पों को एक गंभीर मिशन बनाने में हमारी मदद नहीं करेगी, बल्कि पर्यावरण संतुलन के मार्ग में अड़चन ही डालने वाली होगी।

अब यह उदाहरण ही देख लीजिए। पश्चिम एशिया में जब युद्ध अपने चरम पर था, तब हमें भले ही ठीक-ठीक दूसरा 'ऑयल शॉक' (तेल की कमी का संकट) नहीं लगा, लेकिन एक कमजोर और ढीला-ढाला युद्धविराम लागू होने से पहले हम ऊर्जा के संकट की ओर तेजी से बढ़ रहे थे। विकास को गति देने में तेल के वर्चस्व पर भी गंभीर सवाल उठने लगे थे। बेचैनी से ऊर्जा के दूसरे विकल्पों की तलाश जरूरी महसूस होने लगी और हम सभी ने इसकी तकलीफ को बहुत गहराई से महसूस किया, क्योंकि बहुत कम सरकारों ने ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को अपनाने की जरूरत को गंभीरता से लिया था। ऐसे में, यह सवाल उठता है कि क्या अब टिकाऊपन की व्यावहारिक अर्थनीति को अपनाने का समय नहीं आ गया है!

सिर्फ युद्ध के समय ही नहीं, बल्कि हर दिन बहुत ज्यादा दबाव झेल रही हमारी धरती कई तरह से, जैसे-कभी बाढ़, कभी सूखा, कभी भूस्खलन, कभी चक्रवात आदि से अपनी बदहाली जाहिर करती है। इनमें से कुछ बातों पर तो हम लोग ध्यान देते हैं, लेकिन ज्यादातर बातों को नजरअंदाज कर देते हैं। हमारे बीच ऐसे लोग भी हैं, जो पर्यावरण को लेकर बहुत भावुक और सक्रिय हैं और धरती की जिंदगी को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। वे हमें सही राह दिखाने वाले लोग हैं, जो याद दिलाते हैं कि धरती पर इतने जुल्म ढाने के बाद, केवल हम ही उसकी भलाई सुनिश्चित कर सकते हैं।

अच्छी बात यह है कि पर्यावरण के प्रति निराशावादी सोच की जगह अब पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता ले रही है। बिजली से चलने वाली इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बढ़ती लोकप्रियता इसका एक सुखद उदाहरण है। एक नागरिक के तौर पर हम सबको व्यक्तिगत स्तर पर अपने ऊर्जा विकल्पों में बदलाव लाने की कोशिश करनी चाहिए और ऐसे विकल्पों को तेजी से अपनाना चाहिए, जो पर्यावरण के अनुकूल हों।

फिर भी, पर्यावरणवादी अब कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है, जो पर्यावरण से जुड़ी जटिल और अनजान बातों का विशेषज्ञ हो और आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों से पूरी तरह कटा हुआ हो। आज हम सभी पर्यावरणवादी हैं, और ऐसा सिर्फ इसलिए नहीं है कि हम उस ग्रह के प्रति अपना आभार और एहसान जाहिर करें, जो दया की गुहार लगा रहा है। बल्कि, यह दिखाने के लिए भी कि हम ऐसे समय में कौन हैं, जब राजनीति में नफरत और भेदभाव के विचार तेजी से अपनी जगह बना रहे हैं और दो युद्धों (एक जो ईरान में आंशिक रूप से खत्म होने के बाद फिर से भड़क गया है और दूसरा जो अब भी यूक्रेन में जारी है) ने इसे बहुत साफ और दर्दनाक तरीके से दिखाया है। एक और अदृश्य युद्ध में, हम धरती की सहनशक्ति की परीक्षा ले रहे हैं। हम इसमें तभी जीत सकते हैं, जब हम धरती को हारने न दें।

फिर भी, ज्यादातर मकसद तब कट्टरवादी हो जाते हैं, जब वे एक 'वाद' बन जाते हैं। तभी अच्छे मकसद विचारधारा की पक्की धारणाओं में खो जाते हैं। 'वाद'-यहां तक कि पर्यावरणवाद भी जब चरम पर पहुंचता है, तो वह अंधविश्वास और खुद को सही मानने की जिद में बदल जाता है। ब्रिटेन जैसे देशों में तथाकथित 'ग्रीन पार्टियां' इस बात का उदाहरण हैं कि कैसे ऊंचे-ऊंचे नाम लोकप्रिय दिखने की कोशिशों को छिपा लेते हैं।

पर्यावरण के प्रति कोई नजरिया अपनाना लोकतंत्र की नैतिक व्यावहारिकता को नकारना नहीं है। हमें व्यापक स्तर पर पर्यावरण के प्रति संवेदना जताने की जरूरत है, न कि पर्यावरण के मामले में कट्टरवादी सोच की। कहने का आशय यह है कि हम मनुष्य बने रहें। सही मायनों में मनुष्य बने रहने के लिए, हमें धरती की आह और उसके दुखों को सुनना होगा। उम्मीद है कि पर्यावरण के प्रति नई जागरूकता से जुड़े ये तर्क, भविष्य पर हो रही राष्ट्रीय चर्चा में विचारों और नजरिये को और ज्यादा अहमियत और तेजी देंगे।

**जब वैश्विक राजनीति में नफरत और भेदभाव के विचार तेजी से अपनी जगह बना रहे हैं और पश्चिम एशिया व यूक्रेन में जारी युद्ध लगातार मानवता को घेरे हुए हैं, तब एक और अदृश्य युद्ध भी है, जो धरती की सहनशक्ति की परीक्षा ले रहा है। इसमें हमारी जीत तभी होगी, जब हम धरती को हारने न दें।**

# अराजकता का पर्याय न बने असहमति

बीते दिनों दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन करने और 20 जुलाई को संसद का घेराव करने वाली काकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी ने अपने आंदोलन पर फिलहाल भले ही विराम लगा दिया हो, लेकिन उसने ऐसी किसी मुहिम को फिर से शुरू करने की धमकी भी दी है। सीजेपी को विपक्ष के कई दल दबे या खुले रूप से समर्थन दे रहे हैं। सीजेपी का यह धरना-प्रदर्शन शिक्षा मंत्री रहे धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के साथ शुरू हुआ था। बाद में उनकी मांगों की सूची लंबी होती गई और सरकार पर दबाव भी बढ़ा। स्वाभाविक है कि अपनी मुहिम में शुरुआती सफलता से उनके हौसले इतने बुलंद हुए कि वे इस माहौल को बनाए रखना चाहते हैं।

इस संगठन को उन राजनीतिक दलों की पूरी शह मिली, जो प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को परास्त करने में पूरी तरह नाकाम साबित हुए हैं। इसमें सबसे अग्रणी भूमिका उन वामपंथी दलों की रही, जो भले ही अपना अस्तित्व बचाने के संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन धरना-प्रदर्शन को ऊर्जा देने का ईंधन अभी भी इनमें कुछ बचा हुआ है। चूंकि ये दल लोकतांत्रिक रूप से मोदी और भाजपा को हराने में नाकाम साबित हो रहे हैं, इसलिए अलोकतांत्रिक विकल्पों का सहारा लेने पर आमादा हैं। यह इनकी बेचैनी और कुंठा को ही जाहिर करता है। वामपंथी दलों को इसमें आम आदमी पार्टी यानी आप से लेकर सपा जैसे दलों का भी सहयोग मिला।

प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस भी इसमें कहां पीछे रहने वाली थी। लोकसभा में नेता-प्रतिपक्ष इसी आंदोलन के दौरान प्रधानमंत्री आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। उनका यह रवैया बहुत हैरान करने वाला था। अपनी दादी और पिता के समय स्वयं प्रधानमंत्री आवास में निवास का अनुभव रखने वाले राहुल इससे जुड़ी सुरक्षा संबंधी चुनौतियों को भलीभांति समझते होंगे। इसके बावजूद राहुल ने अराजकता की राह अख्तियार करने से परहेज नहीं किया। यह उनकी और कांग्रेस पार्टी की कमजोर मनोदशा को ही जाहिर करता है। यह कांग्रेसी नेताओं की मानसिकता में घर कर चुकी अराजकता ही रही, जिसने सीजेपी को संसद पर धावा बोलने के लिए उकसाने का काम किया।

पूरे विरोध-प्रदर्शन के दौरान डा. भीमराव आंबेडकर के प्रतीकों की तो खूब चर्चा हुई, लेकिन प्रतीत होता है कि आंदोलनकारी उनके आदर्शों को ही नहीं समझते। डा. आंबेडकर की दृष्टि में लोकतांत्रिक समाज में अराजक तौर-तरीकों की कोई जगह नहीं थी और इस संदर्भ में कम्युनिस्टों की मानसिकता को उन्होंने बहुत पहले ही भांप लिया था। करीब 77 साल पहले ही उन्होंने कहा था, 'कम्युनिस्ट पार्टी और सोशलिस्ट पार्टी जैसे धड़ों की ओर से ही संविधान की आलोचना और विरोध हुआ है। वे संविधान की निंदा क्यों कर रहे हैं? क्या इसलिए कि यह वाकई एक बुरा संविधान है? मेरा स्पष्ट मानना है-'नहीं'।

असल में, कम्युनिस्टों को ऐसा संविधान चाहिए जो सर्वहारा की तानाशाही के सिद्धांत पर चले और चूंकि यह संविधान संसदीय लोकतंत्र पर टिका है, इसलिए वे इसकी आलोचना कर रहे हैं। दूसरी ओर, सोशलिस्टों की दो मांगें है। पहली, सत्ता में आने पर उन्हें सभी निजी संपत्तियों के राष्ट्रीयकरण का अधिकार मिले और इसके एवज में कोई क्षतिपूर्ति या मुआवजा भी उन्हें न देना पड़े। दूसरा, संविधान में दर्ज मौलिक अधिकार पूरी तरह निरपेक्ष हों, ताकि सत्ता से बाहर रहने पर उन्हें केवल सरकार की आलोचना का ही नहीं, बल्कि राज्य को उखाड़ फेंकने का भी अनियंत्रित अधिकार प्राप्त हो।' आंबेडकर का यही आकलन था कि इन दोनों दलों से जुड़े लोग संसदीय लोकतंत्र के विरोधी थे और राज्य-व्यवस्था को उखाड़ फेंकने के लिए हर वक्त तत्पर रहते थे।



संविधान सभा के अपने समापन भाषण में डा. आंबेडकर ने कहा, 'यदि हम लोकतंत्र को न केवल औपचारिक रूप में, बल्कि वास्तविक स्वरूप में बनाए रखना चाहते हैं तो हमें क्या करना चाहिए? मेरी समझ से सबसे पहली बात जो हमें करनी चाहिए वह यह है कि अपने सामाजिक एवं आर्थिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए संवैधानिक प्रक्रियाओं से ही जुड़े रहें। इसका अर्थ है कि हमें क्रांति के हिंसक रास्तों का त्याग करना होगा। इसका अर्थ है कि हमें सविनय अवज्ञा, असहयोग और सत्याग्रह को छोड़ना होगा। जब सामाजिक और आर्थिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए संवैधानिक विकल्प उपलब्ध नहीं थे, तब असंवैधानिक तरीकों का औचित्य काफी हद तक उचित था, लेकिन जहां संवैधानिक विकल्प उपलब्ध हों, वहां इन असंवैधानिक तौर-तरीकों का कोई औचित्य नहीं हो सकता। ये तरीके कुछ और नहीं बल्कि अराजकता का ही तानाबाना हैं और हम जितनी जल्दी इन्हें छोड़ दें, तो हमारे लिए उतना ही बेहतर होगा।'

संसद का घेराव करने के प्रयास में सीजेपी की शारीरिक एवं भाषाई अराजकता को देखते हुए डा. आंबेडकर का यह संबोधन बहुत सटीक, दूरदर्शी एवं भविष्यसूचक साबित हुआ। इस धरना-प्रदर्शन में तमाम युवतियों ने भी हिस्सा लिया, जिनमें से कुछ ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति इतने भद्दे एवं अशिष्ट शब्दों का प्रयोग किया, जिनका सार्वजनिक रूप से उल्लेख भी नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद प्रधानमंत्री ने न केवल उन सभी को क्षमा कर दिया, बल्कि पुलिस को भी कहा कि उनके खिलाफ कोई मामला दर्ज न करें। सीजेपी के कई सदस्यों और समर्थकों ने नेपाल और बांग्लादेश की तर्ज पर हिंसक और अराजक तरीके से तख्तापलट करने की अपनी मंशा खुलकर जताई।

यदि वे इस राह पर बढ़ते हैं और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को बेदखल करने की कोशिश करते हैं तो देश में लोकतंत्र के पटरी से उतरने का जोखिम बढ़ता जाएगा। वे जिस संविधान की दुहाई देते रहते हैं, इससे उसी पर आघात होगा। उसके बाद अनिश्चितता का ऐसा दौर शुरू होगा, जिसकी कल्पना न तो खुद सीजेपी ने की होगी और न ही मोदी के अन्य विरोधियों ने। वर्तमान में यही आशा की जा सकती है कि सभी को सद्बुद्धि मिले और वे लोकतांत्रिक सीमाओं के दायरे में रहकर ही अपना विरोध करें। अन्यथा इसके परिणाम बहुत भयानक होंगे।

# 41 घंटे बिना सोए रहना दिमाग और दिल दोनों के लिए खतरनाक


सपना खरवार

अभिनेत्री कीर्ति सुरेश ने सोशल मीडिया पर बताया कि अलग-अलग फिल्म प्रोजेक्ट्स की शूटिंग के कारण वह लगातार 41 घंटे तक बिना सोए काम करती रहीं। यह अनुभव फिल्म इंडस्ट्री की कठिन कार्यशैली को जरूर दिखाता है, लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि इतनी लंबी अवधि तक जागे रहना शरीर के लिए बहुत खतरनाक साबित हो सकता है।

नींद केवल आराम करने का समय नहीं होती, बल्कि इसी दौरान शरीर खुद की मरम्मत करता है, हार्मोन संतुलित करता है, प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है, याददाश्त को व्यवस्थित करता है और ऊर्जा का पुनर्निर्माण करता है। लगातार 41 घंटे तक जागे रहने से ये सभी जैविक प्रक्रियाएं बाधित हो जाती हैं। सबसे पहले प्रभावित होता है मस्तिष्क। लंबे समय तक नींद न मिलने पर मस्तिष्क 'सर्वाइवल मोड' में चला जाता है। ऐसे में निर्णय लेने की क्षमता, तर्कशक्ति, ध्यान, योजना बनाना, भावनाओं पर नियंत्रण और समस्या सुलझाने की क्षमता तेजी से कमजोर होने लगती है। व्यक्ति को अपनी गलतियों का भी सही आकलन नहीं हो पाता, जिससे आत्मविश्वास तो बना रहता है लेकिन वास्तविक प्रदर्शन लगातार गिरता जाता है।

41 घंटे तक जागे रहने के बाद याददाश्त कमजोर होने लगती है। नई बातें सीखने में कठिनाई होती है, सोचने की गति धीमी पड़ जाती है और चिड़िचड़ापन बढ़ने लगता है। यदि यह स्थिति बार-बार बने तो लंबे समय में मस्तिष्क की कार्यक्षमता भी प्रभावित हो सकती है। नींद की कमी से शरीर में कॉर्टिसोल और एड्रेनालिन जैसे तनाव वाले हार्मोन बढ़ जाते हैं। इससे हृदय गति तेज हो सकती है, रक्तचाप बढ़ सकता है और शरीर में सूजन की प्रक्रिया सक्रिय हो सकती है। लंबे समय तक ऐसा होने पर हाई ब्लड प्रेशर, अनियमित धड़कन, हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है। कुछ सेकंड की झपकी भी जानलेवा साबित हो सकती है। लगातार जागने के बाद कई लोगों को 'माइक्रोस्लीप' आने लगती है। यह कुछ सेकंड की अनियंत्रित झपकी होती है, जिसमें व्यक्ति को खुद भी पता नहीं चलता कि वह कुछ पल के लिए सो गया था। यदि यह स्थिति वाहन चलाते समय या मशीन संचालित करते समय हो जाए, तो गंभीर दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।

लंबे समय तक जागे रहने से सांस लेने की सामान्य प्रक्रिया भी प्रभावित हो सकती है। जिन लोगों को अस्थमा, स्लीप एपनिया, फेफड़ों की पुरानी बीमारी या हृदय संबंधी समस्या है, उनके लिए नींद की कमी और भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है। यदि कोई व्यक्ति सामान्य रूप से स्वस्थ है तो पर्याप्त और नियमित नींद लेने से नींद की कमी के कई अल्पकालिक प्रभावों को काफी हद तक ठीक किया जा सकता है। हालांकि यदि बार-बार 24 से 40 घंटे या उससे अधिक समय तक जागने की आदत बन जाए, तो हाई ब्लड प्रेशर, मेटाबॉलिक विकार, कमजोर प्रतिरक्षा, चिंता, अवसाद और याददाश्त संबंधी समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है।

विशेषज्ञों की सलाह है कि हर वयस्क को प्रतिदिन 7 से 9 घंटे की गुणवत्तापूर्ण नींद लेनी चाहिए। नियमित सोने का समय, देर शाम कैफीन से दूरी, सोने से पहले स्क्रीन टाइम कम करना और तनाव को नियंत्रित करना अच्छी नींद के लिए बेहद जरूरी है। कीर्ति सुरेश का अनुभव यह जरूर बताता है कि पेशेवर जीवन में कई बार अत्यधिक काम का दबाव होता है, लेकिन विशेषज्ञों का स्पष्ट संदेश है कि लगातार नींद से समझौता करना किसी भी कीमत पर स्वस्थ विकल्प नहीं है। अच्छी और पर्याप्त नींद ही स्वस्थ मस्तिष्क, मजबूत हृदय और बेहतर जीवनशैली की सबसे मजबूत नींव है।

## आज का राशिफल

**मेष**– युवाओं को कैरियर में आ रही परेशानियों से छुटकारा मिलेगा. वाकपटुता पर नियंत्रण रखें. मित्रता उपयोगी रहेगी. परिश्रम अधिक करना होगा.

**वृषभ**– अपनी ताकत का इस्तेमाल विरोधियोंको रोकने में करना पड़ेगा. वाहनादि का सुख प्राप्त होगा. भौतिक सुख साधनों की प्राप्ति होगी. मित्रवर्ग आपकी मदद करेंगे.

**मिथुन**– व्यर्थ के झगड़े में आपका समय बर्बाद हो सकता है. मांगलिक खर्च संभव है. अतिथि वृषभमन होगा. हर्ष बना रहेगा. पूज्य व्यक्ति की सलाह लाभदायक सिद्ध होगी.

**कर्क**– रूकी हुई योजनाओं में गति आयेगी. कार्य विस्तार की संभावना है. आत्म विश्वास एवं मनोबल बना रहेगा. इच्छितकार्यो की पूर्तिहोगी. बिगड़ा काम बनने का योग है.

**सिंह**– दूसरों की आलोचना से घबराकर कार्य योजना बीच में ही छोड़ सकते हैं. सोचे हुये कार्यों में सफलता के योग है. मित्रों एवं सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा.

**कन्या**– आप बेहतर तरीके से काम निपटाने का प्रयास करेंगे. सहयोगी आपका विरोध कर सकते है. व्यापार व्यवसाय में लाभ सामान्य ही रहेगा.

**तुला**– थोडी परेशानी के बादजूद आपकी सफलता सुनिश्चित है, सामाजिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी. यश, मान सम्मान प्राप्तहोगा. पूज्य व्यक्ति की समस्या का हल होगा.

**वृश्चिक**– मन में चल रही उलझन आपको फैसला लेने में रोकेगी. राजकीय कार्योमें सफलता मिलेगी. लाभदायक योजना की रूपरेखा पर विचार विमर्शहोगा.

**धनु**– बुजुर्गो के स्वास्थ्य संबंधी चिन्ता रहेगी, जोखिम केकार्यो से दूर रहें. आवेश में लिया गया निर्णय नुकसानदायक रहेगा. व्यापारिक समस्याओं का समाधान होगा.

**मकर**– कड़ी मेहनत से शानदार परिणाम मिलेंगे, अनावश्यक टकराव छोडक़र काम पर ध्यान दें. क्रोध पर नियंत्रण रखकर कार्य करें. किसी दूर गये मित्र के संबंध में शुभ समाचार मिलेगा.

**कुम्भ**– रूकी हुई योजना फिर से शुरू करने का मन बनेगा. पारिवारिक सुख तथा सौहार्द बना रहेगा. नवीन योजनाओं का शुभारंभ होगा. व्यापार व्यवसाय अच्छा चलेगा.

**मीन**– नए कारोबार में निवेश की संभावना बनेगी. पारिवारिक मामले उलझने से चिन्ता होगी. अपव्यय पर नियंत्रण रखें. संपत्ति वाहनादि का सुख प्राप्त होगा.

### व्यापार-भविष्य

**आषाढ शुक्ल पूर्णिमा को उत्तराषाढ़ा नक्षत्र के प्रभाव से मैथी धनियां, हल्दी, जीरा, आदि में तेजी होगी. सोना, चांदी, शेयर आदि में मोती, बिनौला, लोहा, में तेजी का रूख रहेगा. आज वायदा विचार में मंगल के बने भाव घटें, उसी में तेजी होगी. भाग्यांक 1599 है.**

## संक्षिप्त समाचार

### ब्यावर की धरा पर उमड़ा कार्यकर्ताओं का सैलाब



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** ब्यावर आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष आदरणीय श्री आशीष जी सांड का भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया।लोकप्रिय विधायक आदरणीय श्री शंकर सिंह जी रावत, निवर्तमान सभापति श्री नरेश जी कनोजिया के गरिमामयी नेतृत्व में आयोजित इस भव्य स्वागत कार्यक्रम की शुरुआत श्री आशापुरा माता मंदिर धाम से हुई। माता जी के आशीर्वाद के साथ हजारों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में एक विशाल वाहन रैली निकाली गई, जो उत्साह और ऊर्जा के साथ स्वागत स्थल 'अशोक पैलेस' पहुँची।इस गरिमामयी अवसर पर प्रधान गणपत सिँह रावत जायकिशन बल्दुआ, सुभाष राठी, अजय फुलवारी रविंद्र जोय वीरेंद्र रावत ईश्वर तंवर पर निवर्तमान पार्षद मंगत सिंह मोनू जी, मनोज राज तंवर जी, अनिल भोजक जी, राजेश जी झवर, विष्णु जी हेड़ा, अजय चदेल सुमित जुलियास हंसराज शर्मा जी, शशि सोलंकी रुपेश भारद्वाज,रवि टांक बबिता चौहान अर्चित कूमट, अमित बंसल ', गौतम मेवाड़ा गजेंद्र रावत सहित समस्त सरपंच गण, भाजपा पदाधिकारी और हजारों की संख्या में देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।रैली के दौरान पूरे मार्ग में ब्यावर के प्रबुद्ध शहरवासियों और प्रफुल्लित कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा और माला पहनाकर नए जिलाध्यक्ष महोदय का अभूतपूर्व स्वागत-अभिनंदन किया। यह अपार जनसमर्थन और कार्यकर्ताओं का जोश इस बात का प्रतीक है कि संगठन नए नेतृत्व में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।समारोह में उपस्थित सभी ऊर्जावान साथियों और ब्यावर की जनता का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद!

### जुआ खेलते चार आरोपीयो को कोलवा थाना पुलिस ने नकदी व ताश की गड्डियां सहित किया गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** पुलिस थाना कोलवा ने विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए ताश के पत्तों पर रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 640 रुपये की जुआ राशि तथा दो जोड़ी ताश की गड्डियां बरामद की हैं।

यह कार्रवाई 5 अगस्त 2026 को पुलिस मुख्यालय द्वारा 20 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। श्रीमान महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज राहुल प्रकाश (आईपीएस), जिला पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित (आईपीएस) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल (आरपीएस) के निर्देशन तथा वृत्ताधिकारी बांदीकुई लक्ष्मीकांत शर्मा (आरपीएस) के सुपरविजन में थाना प्रभारी मनोहर लाल के नेतृत्व में गश्त के दौरान कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल शर्मा (चादेरा), अजित सिंह गुर्जर (उरवाड़ी), धर्मसिंह गुर्जर (रेहड़िया) एवं रामकिशन मीणा (रेहड़िया) के रूप में की है। आरोपियों के विरुद्ध थाना कोलवा में आरपीजीओ अधिनियम की धारा 13 के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनोहर लाल सहित रामबाबू, सुभाष, धारासिंह, लोकेश, शिवचरण एवं चालक कांस्टेबल सुमेर सिंह की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नवप्रसूता पर जानलेवा हमले का 48 घंटे में खुलासा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** मंडावर थाना पुलिस ने नवप्रसूता महिला पर धारदार हथियार से किए गए सनसनीखेज जानलेवा हमले का महज 48 घंटे में खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त गंडासा भी बरामद कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 4 अगस्त को ग्राम नागल जटवाड़ा निवासी रामभरोसी प्रजापत ने अपनी पोती पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किए जाने की रिपोर्ट मंडावर थाने में दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित (आईपीएस) के निर्देशन, वृत्ताधिकारी महवा अनूप सिंह (आरपीएस) के सुपरविजन तथा थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।

जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी एवं स्थानीय साक्ष्यों के आधार पर आरोपी विष्णु कुमार प्रजापत (20) निवासी टोडाभीम, जिला करौली को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया गंडासा भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस मामले में गहन पूछताछ कर रही है तथा अग्रिम अनुसंधान जारी है।

### 7 अगस्त को बांदीकुई आएंगे उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, करेंगे विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** राजस्थान के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा 7 अगस्त को बांदीकुई दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह 9:15 बजे जयपुर से रवाना होकर 10:45 बजे बांदीकुई रोडवेज बस स्टैंड पहुंचेंगे। यहां वे रोडवेज बस स्टैंड सहित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण, शिलान्यास एवं उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे। दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की सौगात मिलने की उम्मीद है।

भाजपा जनहित और सुशासन की राजनीति करती है, कांग्रेस केवल अवरोध और भ्रम की : मदन राठौड़

# राहुल गांधी सदन से गायब, सड़क पर भ्रम फैलाने में व्यस्त : मदन राठौड़

**कांग्रेस युवाओं के नाम पर राजनीति कर रही, भाजपा उनके भविष्य को सुरक्षित कर रही : मदन राठौड़**

चमकता राजस्थान

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने संसद की कार्यवाही में विपक्ष द्वारा लगातार उत्पन्न किए जा रहे व्यवधान पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी प्रश्नकाल, विधेयकों पर सार्थक चर्चा तथा जनहित के सकारात्मक मुद्दों से दूरी बनाए रखते हैं। सदन के भीतर अपनी जिम्मेदारियों से विमुख रहने वाले राहुल गांधी बाहर जाकर लोगों को भड़काने और देश का माहौल खराब करने की राजनीति करते हैं।



राठौड़ ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पेपर लीक के विरुद्ध कठोर कानून बनाकर करोड़ों युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का कार्य किया है, जबकि राहुल गांधी छात्रों के नाम पर केवल राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस आंदोलन में असामाजिक तत्व

## देश विरोधी तत्वों के साथ खड़े होकर राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष के पद की गरिमा घटा रहे हैं : मदन राठौड़

सक्रिय हों, भारत विरोधी नारे लगाए जाएं और अनुचित भाषा का प्रयोग किया जाए, वहां नेता प्रतिपक्ष का जाकर खड़ा होना उनके संवैधानिक पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है। देश के नेता प्रतिपक्ष होने के नाते उनसे अधिक जिम्मेदार आचरण की अपेक्षा की जाती है।

उन्होंने कहा कि यदि राहुल गांधी वास्तव में युवाओं के हितैषी हैं तो उन्हें झारखंड और कर्नाटक में कांग्रेस शासित सरकारों के दौरान लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों तथा वहां के छात्रों के भविष्य पर भी जवाब देना चाहिए। कांग्रेस शासित राज्यों में हो रहे अन्याय पर मौन रहकर केवल चयनित मुद्दों पर राजनीति करना उनकी दोहरी मानसिकता को दर्शाता है।

मदन राठौड़ ने परिसीमन विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनसंख्या के अनुरूप समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना आवश्यक है और इस विषय पर व्यापक सहमति बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण कानून लागू कर भाजपा ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। भाजपा हमेशा राष्ट्रहित, सुशासन और जनकल्याण की राजनीति करती है, जबकि कांग्रेस का इतिहास केवल भ्रम, विरोध और समाज को विभाजित करने वाली राजनीति से जुड़ा रहा है।

## पुलिस थानों में सामुदायिक पुलिसिंग बैठक, अपराध नियंत्रण और साइबर सुरक्षा पर मंथन

चमकता राजस्थान

**बालोतरा।** बालोतरा जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पुलिस का जनजागरूकता अभियान लगातार जारी है। पुलिस मुख्यालय राजस्थान के निर्देशानुसार गुरुवार को जिले के सभी पुलिस थानों में एनजीओ प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ सामुदायिक पुलिसिंग बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक बालोतरा राजेश कुमार कवट आईपीएस ने बताया कि अभियान का उद्देश्य पुलिस एवं आमजन के बीच विश्वास और सहभागिता को मजबूत करना तथा कानून-व्यवस्था एवं राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना है। बैठकों में क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, साइबर अपराधों की रोकथाम, महिला एवं बाल सुरक्षा, नशामुक्ति, सड़क



सुरक्षा, सामाजिक समरसता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना और उनके प्रभावी एवं समयबद्ध समाधान का भरोसा दिलाया। साथ ही अपराधों की रोकथाम में आमजन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए पुलिस के साथ सहयोग करने का आ''न किया गया।

पुलिस ने उपस्थित प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में साइबर फ्रॉड से बचाव, महिला सुरक्षा, यातायात नियमों की पालना, नशे के खिलाफ जागरूकता और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की।

बालोतरा पुलिस के अनुसार सामुदायिक पुलिसिंग का उद्देश्य पुलिस और समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जनसहभागिता से अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। पुलिस ने आमजन से संदिग्ध गतिविधि, साइबर अपराध, महिला उत्पीड़न, नशे या कानून-व्यवस्था संबंधी घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

## बैंक मैनेजर जितेन्द्र वर्मा के तबादले से जाम्बा क्षेत्र के किसानों में छाई निराशा, ग्रामीणों ने की पुनः नियुक्ति की मांग



**चमकता राजस्थान/जाम्बा/सियाराम विश्नोई।** राजस्थान ग्रामीण बैंक के जाम्बा शाखा प्रबंधक (मैनेजर) जितेन्द्र वर्मा के अन्य शाखा में हुए तबादले के बाद से स्थानीय किसानों और ग्रामीणों में गहरी निराशा देखने को मिल रही है। श्री वर्मा अपने उत्कृष्ट और जन-कल्याणकारी कार्यों के चलते क्षेत्र के किसानों और जरूरतमंदों के बीच बेहद लोकप्रिय थे।

ग्रामीणों के अनुसार, जितेन्द्र वर्मा का कार्यार केवल बैंक के कमरों तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने मैदानी स्तर पर जाकर किसानों की समस्याओं का समाधान किया। यदि किसी गरीब किसान का किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) समय पर नवीनीकृत (Renew) नहीं हो पाता था, तो वे स्वयं किसान के घर जाकर ङउउ का नवीनीकरण करवाते थे।

इसके साथ ही, उन्होंने जरूरतमंद गरीब किसानों को गौपालन ऋण उपलब्ध कराने, ग्रामीण युवाओं को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत लघु उद्योगों के लिए ऋण दिलाकर बेरोजगारी दूर करने में अहम भूमिका निभाई। साथ ही, वे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रति किसानों को लगातार जागरूक कर समय पर फसल बीमा सुनिश्चित करते थे।

## चरागाह भूमि पर अवैध कब्जो पर चलेगा बुलडोजर अतिक्रमणकारियों के नाम फोटो होंगे सार्वजनिक

**चमकता राजस्थान/जालौर।** प्रदेश सरकार ने चरागाह एवं अन्य सरकारी भूमि पर वर्षों से चले आ रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा अभियान शुरू करने की तैयारी कर ली है। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के निर्देशों के बाद राजस्व विभाग ,पंचायत राज विभाग और स्थानीय निकायों की संयुक्त टीमें प्रदेश भर में गांव-गांव सर्वे कर अवैध कब्जों की पहचान कर रही है। अभियान के तहत न केवल अतिक्रमण हटाए जाएंगे, बल्कि कब्जाधारियों के नाम और फोटो भी सार्वजनिक किए जाएंगे ताकि सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों को सामाजिक रूप से भी जवाबदेह बनाया जा सके। मंत्री मदन दिलावर ने स्पष्ट कहा है की चरागाह भूमि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुपालन की आधारशिला है। इस भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी सरकारी या चरागाह भूमि पर अतिक्रमण मिले उसे तत्काल हटाया जाए।

ग्राम स्तर पर बढ़ेगी निगरानी- इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर निगरानी तंत्र को मजबूत किया जा रहा है सरपंच, पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी और अन्य राजस्व कार्मिकों को अपने अपने क्षेत्र के सरकारी भूमि की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है यदि किसी स्तर पर लापरवाही या मिलीभगत सामने आती है तो संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ब्रिक्स मंत्रीगणों के सम्मान में आयोजित रात्रिभोज में शिरकत की

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को ब्रिक्स देशों के मंत्रिगणों के जयपुर प्रवास के सम्मान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रात्रिभोज में विशेष रूप से शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद सहित ब्रिक्स देशों के गणमान्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया



कुमारी और उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि ब्रिक्स उद्योग एवं व्यापार मंत्रियों के सम्मेलन की मेजबानी करना राजस्थान के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस आयोजन से प्रदेश में वैश्विक निवेश एवं औद्योगिक सहयोग को प्रोत्साहन मिलेगा।

कार्यक्रम में राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप विदेशी मेहमानों का आतिथ्य सत्कार किया गया। उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स देशों के उद्योग एवं व्यापार मंत्रियों की बैठक जयपुर में 6 एवं 7 अगस्त को आयोजित हो रही है।

# शिक्षकों के रिक्त पदों को लेकर विद्यालय पर जड़ा ताला, प्रशासन के लिखित आश्वासन के बाद समाप्त हुआ धरना

**पूर्व सांसद जसवंत सिंह विश्नोई ने भी शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर स्थायी नियुक्तियों की उठाई मांग**

चमकता राजस्थान

**राजू भाई सागासनी, ब्यूरो चीफ जोधपुर/बालाजी नगर/जोधपुर।** विधानसभा लूणी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अरणी नाड़ी (मंगल नगर), ग्राम पंचायत बालाजी नगर में प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी एवं व्याख्याताओं के रिक्त पदों को लेकर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। शिक्षकों की कमी के विरोध में ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर



दिया। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में कला संकाय की कक्षा 11वीं एवं 12वीं में 30 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लेकिन उनके लिए एक भी व्याख्याता उपलब्ध नहीं है। वहीं द्वितीय श्रेणी गणित जैसे महत्वपूर्ण विषय का शिक्षक भी नहीं होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। लंबे समय से रिक्त पदों के कारण विद्यार्थियों का भविष्य संकट में है। धरना-प्रदर्शन की सूचना मिलने पर जिला स्तरीय शिक्षा अधिकारी, नायब तहसीलदार गुड़ा विश्नोईयान,अतिरिक्त ब्लाक शिक्षा अधिकारी, पीईईओ, ग्राम पंचायत बालाजी नगर, मंगल नगर के प्रिंसिपल तथा अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों से वार्ता की। वार्ता के बाद अधिकारियों ने विद्यालय में रिक्त पदों को शीघ्र भरने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने धरना-प्रदर्शन समाप्त करने की घोषणा की।

इसी क्रम में पूर्व सांसद एवं जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह विश्नोई ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को पत्र लिखकर विद्यालय में रिक्त प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी एवं व्याख्याता सहित सभी पदों को स्थायी रूप से शीघ्र भरने की मांग की। उन्होंने पत्र में विद्यार्थियों के हितों को सर्वोपरि बताते हुए शिक्षा विभाग से तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन द्वारा निर्धारित समय में रिक्त पदों को नहीं भरा गया तो वे पुनः आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

# आरयूआईडीपी के पांचवें चरण के कार्यों पर संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

चमकता राजस्थान

**ब्यावर/विजयनगर दिनांक 6 अगस्त।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) अपने पांचवें चरण में बिजयनगर शहर में 24.36 करोड़ से होने वाले कार्यों पर शहर के जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों, प्रबुद्धजनों, विभिन्न विभाग के अधिकारियों, मीडिया एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स के लिए कंसल्टेशन मीटिंग ''आरयूआईडीपी संवाद'' का आयोजन आज 6 अगस्त 2026 को शहर के नगर पालिका सभागार, बिजयनगर में किया गया। आरयूआईडीपी संवाद कार्यक्रम में पंचम चरण में होने वाले कार्यों की जानकारी दी गई तथा साथ ही प्रतिभागियों से सुझाव व फीडबैक लिया गया। कार्यक्रम में माननीय विधायक विरेन्द्र कानावत , नगर पालिका, अधिशाषी अधिकारी और पूर्व पार्षदगण आदि ने भाग लिया।



कार्यक्रम में आरयूआईडीपी द्वारा बिजयनगर शहर में पांचवें चरण में किये जाने वाले लगभग 24.36 करोड़ के कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस चरण में एशियन विकास बैंक के वित्तपोषण से अपशिष्ट जल प्रबंधन एवं शोधित अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग के लिए कार्य किये जायेंगे। इन कार्यों पर लगभग 20.78 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बाढ़ प्रबंधन और ड्रेनेज के कार्य 1.49 करोड़ की लागत से किये जायेंगे, कमान्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर और विरासत संरक्षण एवं पर्यटन संबंधी कार्य 2.09 करोड से किए जायेंगे तथा शहरी परिवहन नेटवर्क में सुधार के लिए शहरी गतिशीलता समाधान लागू किए जाएंगे, जिससे शहरी आबादी के लिए कुशल और सतत परिवहन प्रणाली सुनिश्चित की जा सके। इन कार्यों की कुल लागत 24.36करोड़ रूपये होगी कार्यक्रम में शहर के जनप्रतिनिधि, पूर्व पार्षद, प्रबुद्धजन, विभिन्न विभागों के अधिकारी, प्रेस, प्रोजेक्ट से जुडे अधिकारियों, महिलाओं व आमजन ने शिरकत की। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने आरयूआईडीपी द्वारा शहरी विकास के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के सफल निष्पादन में स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के सहयोग हेतु आरयूआईडीपी व स्थानीय निकायों के मध्य सामंजस्य पर जोर दिया।कार्यक्रम में उपस्थित सहभागियों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुये विधायक एवं अधिशाषी अधिकारी ने अपशिष्ट जल प्रबंधन प्रोजेक्ट को बिजयनगर के लिए अच्छा व महत्वपूर्ण बताया और प्रोजेक्ट के लिए राज्य सरकार का धन्यवाद दिया। उन्होंने नगर पालिका और शहरवासीयों के पूरे सहयोग का आश्वासन दिया और कहा की सफलता के लिए जरूरी है कि आरयूआईडीपी, नगर पालिका एवं अन्य सहयोगी विभागों के बीच सामंजस्य हों।


## संक्षिप्त समाचार

### हनुमान तिराहे से हटाई गई हाईमास्ट लाइट अब तक नहीं लगी, अंधेरे से आमजन परेशान




**चमकता राजस्थान/धरियावद।** नगर के प्रमुख हनुमान तिराहे पर लगी हाईमास्ट लाइट को हटाए हुए काफी समय बीत चुका है, लेकिन अब तक दोबारा स्थापित नहीं किए जाने से क्षेत्र में रात के समय अंधेरा पसरा रहता है। इससे आमजन, राहगीरों एवं वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हनुमान तिराहा नगर का व्यस्ततम चौराहा है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों एवं वाहनों की आवाजाही रहती है। हाईमास्क लाइट नहीं होने से रात में दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है तथा सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जनता की मांग है कि संबंधित विभाग शीघ्र कार्रवाई करते हुए हनुमान तिराहे पर हाईमासक लाइट को पुनः स्थापित कर चालू करवाए, ताकि क्षेत्रवासियों को पर्याप्त रोशनी मिल सके और आवागमन सुरक्षित एवं सुगम हो सके।

### सावन मास में मसानिया महादेव शिवालय में ठाकुर राणावत ने सपरिवार किया जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना



**चमकता राजस्थान/धरियावद।** धर्म नगरी धरियावद में पवित्र सावन मास के अवसर पर शिवालयों में श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है। इसी क्रम में ठाकुर पुखराज सिंह राणावत (बिल्लू), बावड़ी वाले ने अपने परिवार सहित प्रसिद्ध मसानिया महादेव शिवालय में भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक कर विशेष पूजा-अर्चना की। पूजन के दौरान पंडित ओमप्रकाश श्रीमाली, अभिषेक श्रीमाली सहित अन्य आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न करवाया। पूजा के उपरांत ठाकुर राणावत एवं उनके परिवार ने भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली और जनकल्याण की मंगलकामना की। सावन मास के चलते मसानिया महादेव शिवालय में अल सुबह से लेकर देर रात्रि तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भगवान शिव के जयघोष, भजन-कीर्तन और भक्तिमय वातावरण से पूरा शिवालय परिसर शिवमय हो उठा। श्रद्धालु जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र अर्पित कर भोलेनाथ की आराधना करते हुए अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना कर रहे हैं।

### 10 व 11 अगस्त को दौसा में दिव्यांगजन चिन्हीकरण शिविर आयोजित होंगे

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** विशेष योग्यजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार के निर्देशानुसार 10 व 11 अगस्त को पंचायत समिति सभागार दौसा में जिला स्तरीय दिव्यांगजन चिन्हीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में पात्र दिव्यांगजनों का पंजीकरण एवं चिन्हीकरण कर उन्हें आवशयक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इसके बाद 11 व 12 अगस्त को सिकंदरा में ब्लॉक स्तरीय तथा 14 अगस्त को ग्राम पंचायत देवरी में पंचायत स्तरीय चिन्हीकरण शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने पात्र विशेष योग्यजनों से निर्धारित तिथियों पर शिविर में पहुंचकर पंजीकरण कराने की अपील की है, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

## वरिष्ठ हमारे गौरव कार्यक्रम में हुआ परिवार सहित स्नेह मिलन

### 120 से अधिक लोगों ने लिया भाग जन्मदिवस और सामूहिक हनुमान चालीसा भी हुई

चमकता राजस्थान

**रामसिंह मीणा रघुनाथपुरा।** बड़ीसादड़ी श्री सिद्ध पंचमुखी बालाजी सेवा संस्थान बड़ी सादड़ी द्वारा वरिष्ठ हमारे गौरव के नाम से एक प्रकल्प चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ जनों के लिए एक ऐसा मंच तैयार करना है ,जहां पर सभी एक साथ आकर वरिष्ठ जनों से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान की दिशा में सकारात्मक प्रयास कर सके। इसी के अनुरूप प्रत्येक माह की 5 तारीख को वरिष्ठ जनों का एकत्रीकरण आयोजित किया जाता है । जिसमें वरिष्ठजन खेल खेलते हैं ,जन्म दिवस मनाते हैं, विभिन्न विषयों पर औपचारिक और अनौपचारिक चर्चा करते हैं। इस माह के एकत्रीकरण में एक विशेष प्रयोग किया गया जिसमें वरिष्ठ जनों को सपरिवार आमंत्रित किया गया ,साथ ही बालाजी संस्थान के कार्यकर्ता भी सपरिवार उपस्थित रहे । इस स्नेह मिलन के कार्यक्रम में बालक, बालिका, मातृशक्ति, वरिष्ठजन ,युवा सभी उपस्थित रहे ।




कार्यक्रम में सबसे पहले वीर सावरकर सभागार में परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न सामाजिक विषयों पर सभी ने अपने विचार व्यक्त किए और एक स्वर में सभी ने स्वीकार किया कि अपना पूरा जीवन परिवार और समाज के लिए समर्पित करने वाले वरिष्ठ जनों को उम्र के इस पड़ाव पर साधन और संसाधनों की नहीं अपितु परिवार के समय ,स्नेह और सम्मान की अधिक आवश्यकता है। परिवार और समाज जनों द्वारा वरिष्ठ जनों को दिया गया समय उनके लिए संजीवनी का कार्य करता है। परिचर्चा के अंत में वरिष्ठ हमारे गौरव के सदस्य कमला शंकर चौबीसा और पारस मोगरा का जन्म दिवस मनाया गया। उपस्थित सभी जनों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना के लिए सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया परिचर्चा से पूर्व सभी ने बालाजी उद्यान में विभिन्न प्रकार के सामूहिक खेलों का आनंद लिया। अंत में सभी के लिए स्नेह भोज का आयोजन किया गया कार्यक्रम में 120 से अधिक संख्या उपस्थिति रही। उक्त जानकारी बालाजी संस्थान की और से अभिषेक सोनी ने दी।

## पिज़्ज़ा प्राइड व चूल्हा रेस्टोरेंट का खाद्य अनुज्ञा पत्र किया गया निलंबित व खाद्य व्यवसाय को भी किया गया प्रतिबंधित

- **सरस डेयरी का टोंड मिल्क(सरस )भी अमानक निकला**

**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल/सवाई।** माधोपुर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉक्टर टी शुभमंगला मैडम के निर्देश पर प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सी एम एच ओ सवाई माधोपुर डॉक्टर अनिल कुमार जैमिनी के नेतृत्व में फूड सेफ्टी ऑफिसर वेद प्रकाश पूर्विया व फूड सेफ्टी ऑफ़सिर नितेश गौतम की टीम ने पिछले दिनों कई खाद्य पदार्थों के नमूने ले कर खाद्य प्रयोगशाला जयपुर भिजवाए थे उनमें से जो रिपोर्ट विभाग को प्राप्त हुई है उनमें से रणथम्भौर रोड स्थित पिज़्ज़ा प्राइड से लिया गया यूज्ड रिफाइंड सोयाबीन आयल असुरक्षित प्रकृति का पाया गया । तेल का टीपीसी वैल्यू 25 से अधिक पाया गया जिसके कारण सैंपल के अनसेफ आने के कारण फर्म का फूड लाइसेंस निरस्त कर खाद्य व्यवसाय भी प्रतिबंधित किया गया ।गत सप्ताह चूल्हा रेस्टोरेंट का भी घी असुरक्षित प्रकृति का पाया गया था जिसके तहत आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के आदेशानुसार खाद्य कारोबारकर्ता का लाइसेंस निलंबित कर खाद्य व्यवसाय को प्रतिबंधित किया गया एवं उक्त दोनों प्रकरणों में यदि खाद्य कारोबारकर्ता अपने रेस्टोरेंट चलाता पाया गया तो कानूनी कार्यवाही अमल मे लाई जाएगी ।

तीन डेयरीयो से लिए गए घी पनीर व दूध के नमूने भी अमानक श्रेणी के पाए गए जिनमे रणथम्भौर रोड स्थित सरस डेयरी से लिया गया पास्चराइज़्ड टोंड मिल्क (सरस )व मलारना डूंगर में बालाजी दूध डेयरी व कान्हा स्वीट्स से लिए गए पनीर,घी व दूध के नमूने अमानक पाए गए ।उक्त सभी का परिवाद सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा ।

सीएमएचओ डॉ अनिल कुमार जैमिनी ने बताया की मिलावट करने वालो व लोगो के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालो को बख्शा नहीं जाएगा व नमूनीकरण की कार्यवाही निरंतर जारी रखी जाएगी ।

## भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को किया नोटिस जारी



**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल/सवाई।** माधोपुर हाल ही में रणथम्भौर टाइगर रिजर्व क्षेत्र में सांभर के कचरे के पास दिखाई देने की घटना संज्ञान में आने के बाद वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को नोटिस जारी किया है।

वन विभाग द्वारा संबंधित क्षेत्र की तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित कराई गई। वर्तमान में उस क्षेत्र की समुचित सफाई कर दी गई है तथा कचरे का पूर्णतः निष्पादन सुनिश्चित किया गया है।

इस संबंध में रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के उप वन संरक्षक (डीसीएफ) द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) एवं मंदिर प्रबंधन के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु दीर्घकालिक एवं प्रभावी समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में कचरा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, नियमित सफाई, कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण, पर्याप्त डस्टबिन की व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों में स्वच्छता एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने जैसे उपायों पर सहमति बनी।

वन विभाग ने सभी संबंधित संस्थाओं से समन्वय स्थापित करते हुए यह सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है कि वन्यजीवों को मानवजनित कचरे तक पहुंच न मिले तथा रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के प्राकृतिक पर्यावरण एवं वन्यजीवों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहे।

## पदमपुर में 1.25 करोड़ रुपये की लागत से बने आयुष चिकित्सालय का लोकार्पण



**चमकता राजस्थान/पदमपुर( जिला संवाददाता संजय बिश्नोई)** ।राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा गुरुवार को श्रीगंगानगर जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने पदमपुर में 1.25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मैडम प्रवीणलता शर्मा ब्लॉक आयुष चिकित्सालय का लोकार्पण किया। यह चिकित्सालय पदमपुर निवासी अशोक कुमार शर्मा द्वारा अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय प्रवीणलता शर्मा की स्मृति में बनवाया गया है। लोकार्पण समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान एसएस आदर्श विद्यालय और मैरी हार्ट स्कूल ने आयुष चिकित्सालय के सहयोग के लिए 31 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। साथ ही दोनों संस्थानों ने प्रत्येक वर्ष 11 हजार रुपये का सहयोग देने का भी संकल्प व्यक्त किया।

समारोह में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुरेंद्र पाल सिंह टीटी सहित कई जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर एसएस आदर्श विद्यालय के निदेशक ओमप्रकाश कलिया और अशोक कलिया ने उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। उपमुख्यमंत्री ने आयुष चिकित्सा सेवाओं के विस्तार और जनसहभागिता से स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने की दिशा में इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## जयपुर से लाखनपुर रोडवेज बस सेवा चालू करवाने के लिया दिया ज्ञापन

**चमकता राजस्थान/सूरज मल वैष्णव/बौली।** सवाई माधोपुर के बौली उपखण्ड क्षेत्र और मित्रपुरा तहसील की ग्राम पंचायत लाखनपुर सहित आसपास की 8 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने जयपुर के लिए सीधी रोडवेज बस सेवा दोबारा शुरू करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बुधवार को भाजपा नेता एवं बामनवास से प्रत्याशी राजेंद्र मीना को इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि पहले लाखनपुर से जयपुर के लिए



रोडवेज बस चलती थी, जो राजस्व की दृष्टि से भी लाभदायक थी। वर्तमान में यह सेवा बंद होने से क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, लाखनपुर, मोरन, कुशलपुरा, बोरदा, मित्रपुरा और बपुई सहित करीब 8 ग्राम पंचायतों के 40 से 45 गांवों की जनता इस बस सेवा से सीधे राजधानी जयपुर से जुड़ी हुई थी। बस बंद होने के बाद अब लोगों को निजी वाहनों से यात्रा करनी पड़ रही है, जिससे समय और पैसे दोनों का अतिरिक्त खर्च बढ़ गया है। प्रार्थना पत्र में आमजन की सुविधा को देखते हुए जयपुर से लाखनपुर के लिए रोडवेज बस सेवा को तुरंत पुनः शुरू करवाने की मांग की गई है। इस पत्र की प्रतिलिपि परिवहन मंत्री, परिवहन आयुक्त और राजस्थान रोडवेज के चेयरमैन को भी भेजी गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में सूरज मल वैष्णव, योगेंद्र सिंह, जितेंद्र शर्मा, कैलाश चंद वैष्णव, लखपत कुम्हार और रामधन सैनी सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

## बारवी बांध भरने की दहलीज पर; जल भंडारण 97.34 प्रतिशत, केवल 0.25 मीटर की दूरी शेष

**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/ठाणे।** पूरे ठाणे जिले की प्यास बुझाने वाले बारवी बांध का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और अब बांध अपनी पूर्ण क्षमता के बेहद करीब पहुंच गया है। महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल (एमआईडीसी) के आंकड़ों के अनुसार, बारवी बांध में जल भंडारण 97.34 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जबकि जलस्तर 72.35 मीटर दर्ज किया गया है। बारवी बांध के ओवरफ्लो होने का स्तर 72.60 मीटर है। यानी बांध के पूरी तरह भरकर छलकने के लिए अब केवल 0.25 मीटर की दूरी शेष है। यदि क्षेत्र में बारिश का सिलसिला इसी तरह जारी रहा, तो आने वाले कुछ घंटों में या जल्द ही बांध के पूरी क्षमता से भरकर ओवरफ्लो होने की संभावना जताई जा रही है। इस वर्ष मानसून की शुरुआत में जून महीने में अपेक्षित वर्षा नहीं होने से बांध के जल भंडारण को लेकर चिंता जताई जा रही थी। हालांकि जुलाई में हुई लगातार और अच्छी बारिश के कारण बांध के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हुई है। इससे ठाणे जिले सहित इस बांध पर निर्भर लाखों नागरिकों को बड़ी राहत मिली है और अब सभी की निगाहें बारवी बांध के ओवरफ्लो होने पर टिकी हुई हैं।

# लायंस क्लब जोधपुर ग्रेटर का भव्य पदस्थापना समारोह संपन्न

चमकता राजस्थान

**मनीष मेहता/जोधपुर, 6 अगस्त।** सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व के 25 गौरवशाली वर्षों का साक्षी बना लायंस क्लब जोधपुर ग्रेटर का रजत जयंती पदस्थापना समारोह (सत्र 2026-27) गुरुवार को अत्यंत भव्य, गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई, वहीं क्लब के सेवा परिवार में 28 नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें मानव सेवा का संकल्प दिलाया गया।समारोह का शुभारंभ निवर्तमान अध्यक्ष लायन दिलीप सिंह राठौड़ के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने गत वर्ष की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए सभी सदस्यों के सहयोग की सराहना की। इस अवसर पर क्लब की स्थापना से लेकर अब तक संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने वाले सभी पूर्व अध्यक्षों का प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया।इसके पश्चात गत सत्र 2025-26 की सेवा गतिविधियों एवं कोष प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। वर्षभर किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों तथा रिकॉर्ड सदस्यता वृद्धि के लिए रीजन चेयरपर्सन लायन राजेंद्र खत्री द्वारा क्लब को 'रीजन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया, जिस पर उपस्थित सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए जोरदार तालियों से स्वागत किया।समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन निशांत जैन ने पदस्थापना अधिकारी के रूप में नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नई टीम में लायन कुंदन जांगिड़ ने अध्यक्ष, लायन प्रमोद जैन ने प्रथम उपाध्यक्ष, लायन पुखराज प्रजापत ने द्वितीय उपाध्यक्ष, लायन सुरेंद्र माथुर ने सचिव तथा लायन महेंद्र लूणावत ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। इसके साथ ही 28 नए सदस्यों ने भी लायंस क्लब की सदस्यता ग्रहण कर सेवा, सद्भाव और मानव कल्याण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।समारोह के मुख्य वक्ता एमसीसी लायन एमजेएफ प्रवीण विशिष्ट ने कहा कि लायनिज्म केवल एक संगठन नहीं,बल्कि मानवता की सेवा का वैश्विक आंदोलन है। उन्होंने सभी सदस्यों से सेवा को जीवन का उद्देश्य बनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचाने का आह्वान किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन कुंदन जांगिड़ ने कहा कि रजत जयंती वर्ष क्लब के लिए नई ऊर्जा,नई सोच और नए संकल्प का वर्ष होगा।क्लब सेवा, समर्पण,संस्कार और सौहार्द की भावना के साथ स्वास्थ्य,शिक्षा, पर्यावरण,जल संरक्षण एवं जरूरतमंदों की सहायता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करेगा ।रजत जयंती वर्ष के उपलक्षय में क्लब ने कई महत्वपूर्ण सेवा परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत लायन डॉ बाबूलाल शाह के सहयोग से जल मंदिर-6 का लोकार्पण किया गया।राजकीय अस्पताल,कमला नेहरू नगर में ऑपरेशन थिएटर को संस्करण मुक्त सुविधा के लिए आधुनिक फुयूमिगेशन मशीन समर्पित की गई।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रशासन की अनदेखी: बदहाल सड़क बनी ग्रामीणों की परेशानी का सबब



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** बाँदीकुई विधानसभा क्षेत्र के बडियाल खुर्द चौराहे से गुढ़ाकटला एवं बाँदीकुई जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग पर बारिश का पानी भर जाने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग बाँदीकुई, गुढ़ाकटला और दौसा के बीच आवागमन का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां प्रतिदिन हजारों लोग आवाजाही करते हैं।

सड़क पर जलभराव के कारण दुपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलकर घायल हो रहे हैं। वहीं स्कूली विद्यार्थियों, किसानों और स्थानीय लोगों को भी जोखिम उठाकर इस मार्ग से गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को जल निकासी की व्यवस्था कराने के लिए शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र जल निकासी की व्यवस्था कर सड़क को सुरक्षित बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन की अनदेखी के चलते यह सड़क अब सुविधा के बजाय लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन गई है।

### तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण एवं विविध मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



**चमकता राजस्थान/शेरगढ। रिपोर्टर रावल सिंह शेरगढ।** राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर उपशाखा शेरगढ़ की प्रथम बैठक आज अंबेडकर भवन में रखी गई जिसमें शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विर्मश किया गया तत्पश्चात तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण, पदोन्नति,6ऊएवं विविध मांगों को लेक र आज उपखंड अधिकारी शेरगढ़ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले 8 साल से अध्यापकों का स्थानांतरण नहीं होने से अध्यापकों के पारिवारिक , सामाजिक एवं प्रोफेशनल जीवन पर भी प्रभाव पड़ रहा हैं। साथ डीपीसी, 6ऊएवं अन्य मांग भी रखी गई। इस दौरान अध्यक्ष भारत राम गेंवा,सचिव पूराराम कड़ेला, कोषाध्यक्ष तारा राम मणवर, सभाध्यक्ष लोंगा राम हींगडा, प्रदेश क्षेत्रीय मंत्री भोला राम परमार,सहजिला कोषाध्यक्ष राजेश परमार,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष केवल राम पंवार,संयुक्त मंत्री महेन्द्रप्रसाद परिहार,कालू राम,हुकमाराम,पुष्पेंद्र जाटव,हरीश नायक,झुंबर राम,श्रवण राम,टीकूराम , मोमतारम,विनोद कुमार ,अंजू कुमारी,जगराम,राकेश मौर्य,मुकेश यादव सहित अनेक शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की आज अहम बैठक, संगठनात्मक रणनीति पर होगा मंथन

- **प्रदेशभर से जुटेंगे पदाधिकारी, तीज महोत्सव की तैयारियों सहित आगामी कार्ययोजना पर होगी चर्चा**

**चमकता राजस्थान/जयपुर ( खलील कुरैशी)** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, राजस्थान प्रदेश की वार्षिक कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आज (7 अगस्त) जयपुर में आयोजित होगी।बैठक में प्रदेशभर से संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य भाग लेकर संगठन की मजबूती, सदस्यता विस्तार, सामाजिक सरोकारों, आगामी कार्यक्रमों तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत मंथन करेंगे।बैठक दोपहर 2:15 बजे से शाम 6:00 बजे तक बीड़ वाली ढाणी, सिवार (फाटक के सामने), सिवारझमुंडिया रामसर लिंक रोड, जयपुर में आयोजित होगी। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों को अधिक प्रभावी एवं सक्रिय बनाने के साथ समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है।बैठक में 8 अगस्त को आयोजित तीज महोत्सव की तैयारियों, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की जाएगी, जिसमें संगठन के पदाधिकारी, सदस्य एवं समाजबंधुओं की व्यापक भागीदारी रहेगी।प्रदेश अध्यक्ष भवानी सिंह शेखावत ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से समय पर उपस्थित होकर सक्रिय सहभागिता निभाने का आ''ान करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता, अनुशासन और समर्पण पर आधारित है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह बैठक संगठन की भावी दिशा तय करने के साथ सामाजिक गतिविधियों को नई गति और मजबूती प्रदान करेगी।

### नगर पालिका रानी खुर्द में शहरी सेवा शिविर-2026 का फॉलोअप कैंप।

**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी रानी।** कार्यालय नगर पालिका मण्डल रानी खुर्द द्वारा आज नगर पालिका सभागार में शहरी सेवा शिविर-2026₹ का फॉलोअप कैंप लगाया गया।

कैंप में प्राप्त/निस्तारित प्रकरण:

1. कृषि भूमि नियमन - 16 प्राप्त, 02 निस्तारित
2. भूमि धारा 69क - 00 प्राप्त, 01 निस्तारित
3. भवन निर्माण स्वीकृति - 02 प्राप्त, 01 निस्तारित
4. नामान्तरण - 02 प्राप्त, 00 निस्तारित
5. जन्म/मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी - 08
6. स्ट्रीट लाइट नवीनी/मरम्मत - 06 शिकायतें

- **अन्य कार्य:**

शिविर में उपविभाजन, पुनर्गठन, भू-उपयोग परिवर्तन, लीज-होल्ड से फ्री-होल्ड, नामान्तरण, खींवा भूमि, ब्याज में छूट, भवन स्वीकृति आदि के आवेदन लिए गए। शहर की सफाई, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, नालियों की सफाई, आवारा पशु पकड़ने, जन्म-मृत्यु पंजीयन, फायर ठडउ, ट्रेड लाइसेंस आदि पर भी कार्रवाई की गई।

उपस्थित: अधिशाषी अधिकारी मगराज चौधरी व कनिष्ठ अभियन्ता मोहित वशिष्ठ सहित नगर पालिका व अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी।

# जयपुर में सफल रहा 10वां ब्रिक्स उद्योग मंत्रियों का सम्मेलन

## ईएमएसएमई, फोटोवोल्टिक्स, स्टार्टअप्स और लॉजिस्टिक्स में सहयोग बढ़ाने पर सहमति, संयुक्त घोषणा पत्र जारी

चमकता राजस्थान




**जयपुर। (खलील कुरैशी)** भारत की अध्यक्षता में जयपुर में आयोजित 10वें ब्रिक्स उद्योग मंत्रियों के सम्मेलन का सफलतापूर्वक समापन हुआ। सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के उद्योग मंत्रियों एवं वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लेकर औद्योगिक सहयोग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने, निवेश बढ़ाने, तकनीकी नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा सतत एवं आत्मनिर्भर औद्योगिक विकास को गति देने के लिए संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया।केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में उद्योगों के बीच सहयोग, नवाचार और साझेदारी समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देशों को मजबूत एवं आत्मनिर्भर औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए एक-दूसरे की क्षमताओं का लाभ उठाते हुए व्यावहारिक सहयोग को आगे बढ़ाना चाहिए।मंत्री ने बताया कि भारत की अध्यक्षता के दौरान ब्रिक्स देशों के बीच निवेश, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और औद्योगिक साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। उन्होंने वर्ष 2009 में ब्रिक्स की शुरुआत से लेकर अब तक की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत निरंतर सक्रिय, समावेशी और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण के साथ संगठन को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है।सम्मेलन में चार प्रमुख क्षेत्रों—

- **औद्योगिक साझेदारी, नवाचार, निवेश और सतत विकास को नई गति देने की दिशा में भारत की अध्यक्षता में अहम पहल**

एमएसएमई, फोटोवोल्टिक्स, स्टार्टअप्स और लॉजिस्टिक्स—को सहयोग के प्राथमिक क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया। इन क्षेत्रों में कार्य समूहों की सिफारिशों को स्वीकार करते हुए स्थायी संस्थागत सहयोग को मजबूत बनाने पर सहमति बनी।संयुक्त घोषणा पत्र में एमएसएमई सहयोग के लिए संस्थागत ढांचे को अंतिम रूप देने, फोटोवोल्टिक्स क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने, ₹ब्रिक्स स्टार्टअप नॉलेज हब₹ और नवाचार आधारित विकास को प्रोत्साहित करने तथा जीआईएस आधारित इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं सिटी लॉजिस्टिक्स प्लानिंग सहित आधुनिक लॉजिस्टिक्स प्रणाली विकसित करने पर विशेष बल दिया गया।सम्मेलन को ब्रिक्स देशों के बीच औद्योगिक सहयोग, साझा विकास, निवेश विस्तार और भविष्य की तकनीक आधारित आर्थिक साझेदारी को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

## कांग्रेस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन मामले में राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजित पवार गुट) के पदाधिकारियों पर मामला दर्ज

चमकता राजस्थान



**अरविंद कोठारी/ठाणे।** ठाणे शहर स्थित कांग्रेस कार्यालय के बाहर राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजित पवार गुट) द्वारा किए गए प्रदर्शन के बाद राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। इस मामले में संबंधित पदाधिकारियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

प्रदर्शन के बाद ठाणे शहर कांग्रेस ने आक्रामक रुख अपनाते हुए राहुल पिंगळे के नेतृत्व में नगर पुलिस थाने पहुंचकर संबंधित लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व शहर अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्री चौधरी से मुलाकात कर घटना की गंभीरता से अवगत कराया।

इसके बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धाराओं 189, 285, 324, 329, 351(2) और 352 के तहत संबंधित आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

इस अवसर पर विक्रांत चव्हाण ने कहा, ₹कानून के सामने सभी समान हैं। प्रशासन को किसी का पक्ष लिए बिना निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए।₹ कांग्रेस ने भी इस मामले में शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग दोहराई।

इस दौरान एडवोकेट प्रभाकर थोरात, एडवोकेट दरम्यान सिंह, एडवोकेट हिदायत मुकदम, एडवोकेट वसंत जगदाले, एडवोकेट मनोज डाकवे, महेंद्र म्हात्रे, नाना कदम, रवि कोली, स्मिता वैती, धर्मवीर मेहरोल, संगीता कोटल, शांति इलावडेकर, निलेश पाटील, निलेश अहिरे, राजू शेट्टी, प्रवीण खैरालिया, वसीम सैयद, शिरीष घरत, हर्षल कोली, चंद्रकांत पाटील, प्रसाद पाटील, यासीन मोमिन, सुभाष ठोंबरे, प्रकाश मांडवकर, मुन्ना राजोरिया, दर्शन कानडे, नरेश कैरम कोंडा, वीरेंद्र गुप्ता, अंकुश चिंडालिया, गोपाल सावंत, मनोज दुबे, श्रीकांत गाडीलकर, पप्पू मोमिन, विकास मेस्ता, अंजली मयेकर, प्रियंका मयेकर, वैशाली भोसले, शकीला शेख, जसप्रीत कौर, बिलाल तांबोली सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जिला कलेक्टर व एसपी को जार पदाधिकारियों ने पुस्तक भेंट की

- **दोनों अधिकारियों से हुई देर तक चर्चा**



**चमकता राजस्थान/गोपाल सिलोरिया करावन झालावाड़।** झालावाड़- जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान(जार) जिला झालावाड़ इकाई के पदाधिकारियों ने हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर जार राजस्थान की पुस्तक जो जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी जयपुर जेएनयू के सहयोग से प्रकाशित हुई उसे बुधवार को झालावाड़ जिला कलेक्टर डॉक्टर अजय सिंह राठौड़ व जिला एसपी अमित बुडानिया को भेंट की। इस दौरान जार पदाधिकारियों की दोनों अधिकारियों से देर तक चर्चा हुई जिसमें उन्होंने जार के कार्यों के बारे चर्चा की ओर उनकी सराहना की।

- **विश्लेषणात्मक खबरों का प्रकाशन होना चाहिए- जिला कलेक्टर**

जार पदाधिकारियों के साथ लगभग 30 मिनट से अधिक चली चर्चा में जिला कलेक्टर डॉक्टर अजय सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रिंट मीडिया में विश्लेषणात्मक खबरों का प्रकाशन कम हो गया है जो चिंता का विषय है क्योंकि विश्लेषणात्मक खबरों से लोगों को सीखने और समझने के अवसर ज्यादा होते हैं और ऐसी खबरों से रीडरशिप भी बढ़ती है। साथ ही कम्पीटिशन की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को भी ऐसी खबरों से फायदा होता है। डॉक्टर राठौड़ ने जार की हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर प्रकाशित पुस्तक पर हर्ष व्यक्त किया और जार के सकारात्मक कार्यों की सराहना करते हुए पुस्तक के प्रकाशन की बधाई दी।

- **एसपी को दी जार के कार्यों की जानकारी--**

एसपी अमित बुडानिया को पुस्तक भेंट करने के दौरान जार पदाधिकारियों ने जार के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए जार के कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान एसपी बुडानिया ने जार पदाधिकारियों से पत्रकारिता पर विस्तार से चर्चा की ओर पुस्तक के प्रकाशन की बधाई दी।

- **जिला कलेक्टर ने किया जार प्रदेश संगठन महामंत्री का अभिनन्दन --**

हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर प्रकाशित पुस्तक को जिला कलेक्टर डॉक्टर अजय सिंह राठौड़ को देने पर जिला कलेक्टर ने जार राजस्थान के प्रदेश संगठन महामंत्री भवँर सिंह कछवाहा का गुलदस्ता देकर अभिनन्दन किया और पूरी जार टीम को बधाई दी। साथ ही विश्वास जताया कि सकारत्मक एवं विश्लेषणात्मक खबरों के प्रकाशन को जार टीम गति प्रदान करेगी।.

## साधु-संतों के सम्मान में विश्व हिन्दू परिषद - बजरंग दल का प्रदर्शन

हितेष भाटी




**सोजत ।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल, जिला सोजत के तत्वावधान में बुधवार को जिला मुख्यालय पर साधु-संतों एवं सनातन धर्म के सम्मान के समर्थन में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने संसद परिसर में साधु वेश धारण कर किए गए कथित नाटकीय प्रदर्शन का विरोध जताते हुए सांसद राहुल गांधी एवं पप्पू यादव का पुतला दहन किया। कार्यक्रम में उपस्थित अर्जुनदास महाराज एवं स्वामी पूर्णानन्द महाराज ने कहा कि भारत की संत परंपरा एवं धार्मिक आस्थाएँ करोड़ों लोगों की श्रद्धा का विषय हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन किसी धर्म, उसके पूजनीय प्रतीकों अथवा संत समाज का उपहास करना उचित नहीं है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं सार्वजनिक जीवन से जुड़े सभी लोगों से धार्मिक विषयों पर संवेदनशीलता एवं मर्यादा बनाए रखने की अपील की। विहिप एवं बजरंग दल पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे विषयों पर लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखता रहेगा। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा संत समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जेडीए का अवैध कॉलोनियों पर बड़ा प्रहार: निमेड़ा में बुलडोजर, गांधीपथ व हरनाथपुरा में भी कार्रवाई

## निमेड़ा की 'जानकी विहार' में 8 अवैध विला ध्वस्त, गांधीपथ की अवैध वर्कशॉप और हरनाथपुरा-देवी नगर विस्तार के अतिक्रमण भी हटाए

### आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देशन, डीआईजी आनंद शर्मा की प्रभावी निगरानी एवं मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी की रणनीति से लगातार सख्त कार्रवाई

चमकता राजस्थान






जयपुर। (खलील कुरैशी)जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने अवैध कॉलोनियों, अनधिकृत निर्माणों एवं सड़क सीमा पर किए गए अतिक्रमणों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई करते हुए कई अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। यह कार्रवाई जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देशों के अनुरूप अपनाई गई 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत की गई।जोन-12 के अंतर्गत ग्राम निमेड़ा में करीब 2 बीघा कृषि भूमि पर बिना जेडीए स्वीकृति विकसित की जा रही 'जानकी विहार' नामक अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया गया। प्रवर्तन दल ने यहां निर्माणाधीन 8 अवैध विला सहित अन्य अनधिकृत निर्माणों को जेसीबी मशीनों की सहायता से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई पुलिस जाब्ते एवं जेडीए प्रवर्तन अमले की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।इसी क्रम में जोन-7 के क्षेत्राधिकार में भी अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। गांधीपथ स्थित गिरनार कॉलोनी के प्लॉट नंबर-3 पर व्यावसायिक प्रयोजन के लिए बनाए गए टिनशेडनुमा अवैध वर्कशॉप को ध्वस्त किया गया। वहीं हरनाथपुरा की गोपालकुंज कॉलोनी तथा देवी नगर विस्तार में सड़क सीमा पर चबूतरा, दीवार एवं गेट बनाकर किए गए अतिक्रमणों को जोन-7 के राजस्व एवं तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर जेसीबी मशीन एवं मजदूरों की सहायता से हटाकर रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।अभियान के सफल संचालन में डीआईजी एवं जेडीए प्रवर्तन प्रकोष्ठ के प्रभारी आनंद शर्मा की प्रभावी निगरानी, समन्वय एवं रणनीतिक निर्देशन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने पूरी तैयारी, सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर जेडीए की प्रभावी कार्यशैली का परिचय दिया।जेडीए ने स्पष्ट किया है कि ध्वस्तीकरण अभियान में हुए समस्त व्यय की नियमानुसार संबंधित कॉलोनाइजरों एवं जिम्मेदार व्यक्तियों से वसूली की जाएगी। साथ ही अवैध कॉलोनियों के विकास, भूखंडों की बिक्री, अनधिकृत निर्माणों तथा अतिक्रमणों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आगे भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि किसी भी भूखंड या संपत्ति की खरीद से पूर्व उसकी जेडीए स्वीकृति एवं वैधानिक स्थिति की अनिवार्य रूप से जांच करें। बिना स्वीकृति विकसित कॉलोनियों में निवेश आर्थिक एवं कानूनी जोखिम का कारण बन सकता है। जेडीए ने दोहराया कि जयपुर में नियोजित, सुरक्षित एवं विधिसम्मत शहरी विकास सुनिश्चित करने के लिए अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों के विरुद्ध अभियान भविष्य में भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यसभा में कांग्रेस संसदीय दल के सदस्य नीरज डांगी को मिली नई जिम्मेदारी

- **सोनिया गांधी ने जारी किया नियुक्ति आदेश, कांग्रेस पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं में छायी खूशी की लहर**
- **राज्यसभा की रिक्त हुई उपमुख्य सचेतक (व्ही इॅप्स) की जिम्मेदारी संभालेंगे नीरज डांगी**



**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)** कांग्रेस संसदीय दल (Congress Party in Parliament) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राज्यसभा में कांग्रेस संसदीय दल के कार्यालय पदाधिकारियों के संबंध में महत्वपूर्ण नियुक्ति आदेश जारी किया है। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, राज्यसभा सांसद नीरज डांगी को राज्यसभा में कांग्रेस संसदीय दल का उपमुख्य सचेतक (Vice Whip) नियुक्त किया गया है।यह नियुक्ति राज्यसभा की उपमुख्य सचेतक रजनी अशोकराव पाटिल के सेवानिवृत्त होने के कारण रिक्त हुए पद पर की गई है। कांग्रेस संसदीय दल ने विश्वास व्यक्त किया है कि नीरज डांगी अपने नए दायित्व का प्रभावी ढंग से निर्वहन करते हुए सदन में पार्टी की संसदीय गतिविधियों के बेहतर समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### बोहेड़ा माहेश्वरी सेवा समिति के द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न


- **बाबूलाल पोरवाल अध्यक्ष निर्वाचित, संस्कार शिविर और प्लास्टिक मुक्त विवाह अभियान चलाने की घोषणा**



**चमकता राजस्थान/रामसिंह मीणा रघुनाथपुरा।** बड़ीसादड़ी माहेश्वरी सेवा समिति बोहेड़ा के द्विवार्षिक चुनाव गुरुवार को महेश भवन, बोहेड़ा में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। चुनाव में नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया।

बड़ीसादड़ी तहसील माहेश्वरी सभा के मंत्री कैलाश चंद्र मालू ने बताया कि बाबूलाल पोरवाल को अध्यक्ष, मुकेश पोरवाल को मंत्री, राधेश्याम लड्ढा को उपाध्यक्ष तथा मुकेश कुमार मालू को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया संरक्षक मंडल में लक्ष्मीलाल लड्ढा, शंकरलाल पोरवाल, कन्हैयालाल मूंदड़ा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सीताराम मालू एवं दामोदरलाल नारायणीवाल को शामिल किया गया। सदस्य के रूप में ललित लड्ढा, रतनलाल लड्ढा, सुंदरलाल मालू तथा रमेश काबरा निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबूलाल पोरवाल ने कहा कि समिति समाज के युवाओं एवं बालिकाओं में पारिवारिक और सामाजिक संस्कारों को सुदृढ़ बनाने के लिए समय-समय पर संस्कार शिविर आयोजित करेगी। इसके साथ ही समाज में आयोजित होने वाले विवाह समारोहों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष जनजागरण अभियान भी चलाया जाएगा। चुनाव के दौरान प्रशासक गोपाल मालू, सुंदरलाल मूंदड़ा, समाजसेवी मनोहरलाल काबरा, ओमप्रकाश पोरवाल, राकेश नारायणीवाल, रमेश लड्ढा सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। नवगठित कार्यकारिणी का समाजजनों ने स्वागत करते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।

### सोशल मीडिया पर ग्रुप बनाकर तेज रफ्तार बाइक चलाकर आमजन में भय फैलाने वालों पर पुलिस का शिकंजा, 10 मोटरसाइकिलें डिटेन



**चमकता राजस्थान/धरियावद। थाना केसरियावाद /प्रतापगढ़।** जिला पुलिस अधीक्षक विशाल जांगिड़ के निर्देशन में पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत तेज गति से वाहन चलाकर आमजन में भय एवं असुरक्षा का माहौल पैदा करने वालों के विरुद्ध थाना केशरियावाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयदेव सिहाग एवं पुलिस उप अधीक्षक नानालाल सालवी के मार्गदर्शन में थाना केसरियावाद अधिकारी रमेश चंद्र मीणा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम

प्रकाश चन्द्र - सहायक उप निरीक्षक (स.उ.नि.), थाना केसरियावाद.
धर्मेन्द्र सिंह - सहायक उप निरीक्षक (स.उ.नि.), थाना केसरियावाद
महेशचन्द्र - हेड कांस्टेबल, बकल नं. 394, थाना केसरियावाद ललित कुमार झ हेड कांस्टेबल, बकल नं. 600, थाना केसरियावाद नारायण लाल - हेड कांस्टेबल, बकल नं. 621, थाना केसरियावाद कमलेश कुमार - कांस्टेबल, बकल नं. 736, थाना केसरियावाद खुशपाल सिंह - कांस्टेबल, बकल नं. 651, थाना केसरियावाद ने सोशल मीडिया पर ग्रुप बनाकर तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चलाने तथा आमजन में भय का वातावरण बनाने वाले युवकों के खिलाफ अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान 10 मोटरसाइकिलों को डिटेन किया गया।

पुलिस ने बताया कि कुछ युवक सोशल मीडिया के माध्यम से समूह बनाकर सार्वजनिक स्थानों पर तेज गति से बाइक चलाते हुए स्टंटबाजी कर रहे थे, जिससे आमजन की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो रहा था। ऐसे लोगों पर लगातार निगरानी रखकर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में नागौर को सड़क विकास की बड़ी सौगात, 132 सड़क कार्यों को मिली स्वीकृति

**चमकता राजस्थान**

**रिपोर्ट मोहम्मद रफीक नागौर।** राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व एवं प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास की प्रतिबद्धता के अनुरूप वर्ष 2026-27 के बजट की घोषणा संख्या 295 की पालना में प्रदेशभर में नॉन-पेचेबल सड़कों एवं मिसिंग लिंक सड़कों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी क्रम में नागौर जिले को सड़क विकास की बड़ी सौगात मिली है। इन स्वीकृतियों से जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी, गांवों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी तथा किसानों, विद्यार्थियों, आमजन और व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के अंतिम छोर तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। सड़क विकास की यह स्वीकृति उसी जनकल्याणकारी सोच और विकासोन्मुखी नीति का परिणाम है।

**नागौर जिले के 132 कार्य स्वीकृत**

नागौर जिले में कुल 132 सड़क निर्माण कार्यों को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों के अंतर्गत जिलेभर में कुल 259.65 किलोमीटर लंबी नॉन-पेचेबल एवं मिसिंग लिंक सड़कों का निर्माण लगभग 57 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा।



## 20 अगस्त से राजस्थान विधानसभा का मानसून सत्र, राजनीतिक सरगर्मियां तेज

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अमित शाह से मुलाकात चर्चा में, जनहित के विधेयकों और विकास एजेंडे पर रहेगा सरकार का फोकस

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर। (खलील कुरैशी)** राजस्थान विधानसभा का मानसून सत्र 20 अगस्त से प्रारंभ होगा। सत्र को लेकर शासन-प्रशासन और राजनीतिक दलों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की नई दिल्ली यात्रा तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से हुई शिष्टाचार भेंट ने प्रदेश की राजनीतिक हलचल को और गति दे दी है। केंद्रीय गृह मंत्री कार्यालय ने इस मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के माध्यम से साझा की।मानसून सत्र से ठीक पहले हुई इस उच्चस्तरीय मुलाकात को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक गलियारों में इसे आगामी विधानसभा सत्र की रणनीति,



सरकार की प्राथमिकताओं तथा विभिन्न प्रशासनिक और संगठनात्मक विषयों पर संभावित चर्चा से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि बैठक के आधिकारिक एजेंडे की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।जनहित और विकास के मुद्दों पर रहेगा विशेष जोर राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप नियमित अंतराल पर विधानसभा सत्र आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि मानसून सत्र में राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेगी, महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णयों को अनुमोदन दिलाया जाएगा तथा जनहित से जुड़े नए विधेयकों को सदन में प्रस्तुत कर पारित कराने का प्रयास किया जाएगा।बेढ़म ने कहा कि सरकार का उद्देश्य विधानसभा के माध्यम से विकास, सुशासन, जनकल्याण और लोकहित से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा कर आवश्यक विधायी कार्यों को गति देना है।सियासी और विधायी दृष्टि से अहम होगा सत्र 20 अगस्त से शुरू होने वाला मानसून सत्र सरकार के लिए अपनी उपलब्धियां और भविष्य की विकास योजनाएं प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है। वहीं विपक्ष भी जनहित, प्रशासनिक कार्यप्रणाली और विभिन्न समसामयिक मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति बना सकता है। ऐसे में आगामी मानसून सत्र को प्रदेश की राजनीति और शासन-प्रशासन, दोनों की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### रायसिंहनगर बाजार में फर्जी फोनपे स्लिप दिखाकर ठगी करने वाला गिरोह सक्रिय, दुकानदारों में दहशत




**चमकता राजस्थान/रायसिंहनगर (जिला संवाददाता संजय बिश्नोई)।** रायसिंहनगर के मुख्य बाजार में फर्जी फोनपे (PhonePe) भुगतान की स्लिप दिखाकर दुकानदारों से ठगी करने वाले युवकों का गिरोह सक्रिय होने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि गिरोह के सदस्य एक दुकान पर भुगतान का झांसा देकर सामान लेने की कोशिश करते हैं और बात नहीं बनने पर दूसरी दुकान को निशाना बनाते हैं।

जानकारी के अनुसार, हाल ही में एक दुकान से कथित रूप से लगभग 9,000 रुपये मूल्य का सामान फर्जी फोनपे स्कैनर और भुगतान स्लिप दिखाकर ले जाया गया। दुकानदार को जब तक ठगी का एहसास हुआ, तब तक आरोपी युवक मौके से फरार हो चुके थे। बताया जाता है कि दुकानदार ने कुछ दूरी तक उनका पीछा भी किया, लेकिन आरोपी हाथ नहीं आए।


स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि इसी तरह की वारदात पूर्व में पदमपुर के टेलर मार्केट में भी हुई थी, जहां कथित रूप से टेलर का सामान फर्जी ऑनलाइन भुगतान दिखाकर ले जाया गया था। इससे व्यापारियों में चिंता और असुरक्षा का माहौल है।

व्यापारियों का आरोप है कि बाजार में इस प्रकार की कई घटनाएं होने के बावजूद संदिग्ध युवक खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं, जिससे अन्य दुकानदारों के साथ भी ठगी की आशंका बनी हुई है। व्यापार मंडल और स्थानीय दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर आरोपियों की पहचान की जाए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही दुकानदारों से अपील की गई है कि किसी भी ऑनलाइन भुगतान को केवल मोबाइल ऐप या बैंक खाते में राशि प्राप्त होने की पुष्टि के बाद ही स्वीकार करें।

## RBSE बोर्ड परीक्षा पोर्टल में बड़ी गडबडी

### परीक्षा फॉर्म के लिए 850 की जगह 2200 का चालान

**कई स्कूल फॉर्म नहीं भर सके, तारीख बढ़ाने की मांग**



| PRINT ALL | Sr. No. | Name | Father Name | Mother Name | Mobile No. | Required Exam Fee | Action |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | ARCHANA SAINI | BANWARI SAINI | KAJODI DEVI | 9610779450 | Rs. 2200.00 | Locked View Challan Preview |
| | 2 | HIMANSHU SAINI | MAHESH KUMAR SAINI | SUMAN BAI SAINI | 8739889645 | Rs. 2200.00 | Locked View Challan Preview |
| | 3 | DASHRATH SAINI | RADHESHYAM SAINI | SHEELA DEVI | 9610794037 | Rs. 2200.00 | Locked View Challan |

Copyright © 2026 All right reserved.

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से ऑनलाइन भराए जा रहे परीक्षा फॉर्म में परीक्षा शुल्क को लेकर गड़बड़ी सामने आई है। निजी स्कूल संचालक जब परीक्षा शुल्क का चालान जेनरेट करते हैं तो करीब तीन गुना राशि का चालान जनरेट होकर आ रहा है। एक विद्यार्थी का परीक्षा शुल्क 850 रुपए के हिसाब से चालान जनरेट होना चाहिए, लेकिन यह चालान 2200 रुपए प्रति विद्यार्थी के हिसाब से जनरेट हो रहा है। इससे निजी स्कूल संचालकों की नींद उड़ गई है। परीक्षा पोर्टल की इस तकनीकी गड़बड़ी से प्रदेश भर के निजी स्कूलों और अभिभावकों में भारी आक्रोश है। चौंकाने वाली बात यह है कि चालान जमा करने की अंतिम तिथि 6 अगस्त थी। बोर्ड ने अब तक अंतिम तिथि में भी बढ़ोतरी नहीं की है। स्कूल शिक्षा परिवार राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कुमावत ने बताया कि बोर्ड की इस तकनीकी कमी के कारण कई स्कूल संचालक चालान जमा नहीं कर पाए हैं। अगर स्कूलों के चालान जमा नहीं हुए तो उनके विद्यार्थी परीक्षा से वंचित हो सकते हैं, इसलिए बोर्ड को तुरंत इस खामी को दूर कर तारीख बढ़ानी चाहिए, ताकि इस निजी स्कूल संचालक चालान जमा कर सके और विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। मामले पर बोर्ड सचिव से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हुआ।

### समरसता का संदेश लेकर 8 अगस्त को शाहपुरा विधानसभा पहुंचेगा 'समरसता संकल्प रथ'

- **संत गुरु रविदास महाराज की 650 वीं जयंती वर्ष पर प्रदेशव्यापी समरसता संकल्प अभियान**
- **शाहपुरा विधानसभा के सभी मंडलों में होंगे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम**

**चमकता राजस्थान/शाहपुरा। (खलील कुरैशी)** संत गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित प्रदेश स्तरीय समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत समरसता संकल्प रथ 8 अगस्त को शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में पहुंचेगा। रथ यात्रा का उद्देश्य संत गुरु रविदास महाराज के समता, सामाजिक सद्भाव, भाईचारे एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाते हुए समाज में समरसता की भावना को सुदृढ़ करना है।जमवारामगढ़ पंचायत समिति के पूर्व प्रधान एवं जयपुर ग्रामीण समरसता संकल्प रथ यात्रा के कलश यात्रा प्रभारी एडवोकेट रघुवीर सिंह चौधरी ने बताया कि संत गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष को सेवा, समर्पण और सामाजिक समरसता के भाव के साथ मनाने के लिए प्रदेशभर में समरसता संकल्प रथ यात्रा निकाली जा रही है। इसी क्रम में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में 8 अगस्त को शाहपुरा विधानसभा के सभी पांचों मंडलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।शाहपुरा विधानसभा के कलश यात्रा प्रभारी एडवोकेट बी. एस. बेनीवाल ने बताया कि रथ यात्रा का शुभारंभ प्रातः 11 बजे गंगा माता मंदिर, अम्बेडकर नगर (मनोहरपुर मंडल) से होगा। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे रावधीर सिंह कॉलोनी, त्रिवेणी रोड (शाहपुरा शहर मंडल), 1:30 बजे त्रिवेणी धाम (शाहपुरा देहात मंडल), 3:00 बजे कल्याणजी मंदिर, मुख्य बाजार अमरसर (अमरसर मंडल) तथा सायं 5:00 बजे मुख्य बाजार, खेजरोली (खेजरोली मंडल) में रथ यात्रा पहुंचेगी।रथ यात्रा के साथ संत गुरु रविदास महाराज की जन्मस्थली की पावन मिट्टी से भरा कलश भी रहेगा। प्रत्येक स्थल पर संत रविदास महाराज की प्रतिमा एवं पावन कलश का श्रद्धापूर्वक पूजन-अर्चन किया जाएगा। इस अवसर पर अतिथि एवं वक्ता संत रविदास महाराज के जीवन-दर्शन, सामाजिक समानता, समरसता, मानव सेवा, सद्भाव और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डालेंगे।रथ यात्रा के आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत, पुष्पवर्षा एवं अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, प्रबुद्ध नागरिकों एवं आमजन की सहभागिता रहेगी।आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रमों में उपस्थित होकर संत गुरु रविदास महाराज के समरसता, समानता, सद्भाव और सामाजिक एकता के संदेश को आत्मसात करने तथा सफल आयोजन में सहभागी बनने की अपील की है।

# एसडीएम थप्पड़ कांड: आत्मसमर्पण के बाद नरेश मीणा न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजे गए

**नगरफोर्ट थाने में किया सरेंडर, कोर्ट ने निरस्त की जमानत, समरावता हिंसा प्रकरण में कार्रवाई तेज**

**चमकता राजस्थान**

जयपुर/सवाई माधोपुर।( खलील कुरैशी) देवली-उनियारा विधानसभा उपचुनाव के दौरान चर्चित एसडीएम थप्पड़ कांड एवं समरावता हिंसा प्रकरण के मुख्य आरोपी नरेश मीणा ने गुरुवार को नगरफोर्ट थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने उन्हें एसीजेएम न्यायालय, टोंक में पेश किया, जहां न्यायालय ने उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए।नरेश मीणा को पूर्व में हाईकोर्ट से सशर्त जमानत मिली थी, लेकिन जमानत की शर्तों के उल्लंघन का हवाला देते हुए नगरफोर्ट थाना पुलिस ने न्यायालय में जमानत निरस्त करने की याचिका दायर की थी। न्यायालय ने इसे स्वीकार करते हुए 6 अगस्त तक आत्मसमर्पण के निर्देश दिए थे, जिसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर सरेंडर किया।



- **समरावता हिंसा मामले में मुख्य आरोपी**

समरावता गांव में उपचुनाव के दौरान हुई हिंसा के मामले में नरेश मीणा सहित करीब 60 लोगों के विरुद्ध मामला विचाराधीन है। अन्य अधिकांश आरोपी फिलहाल जमानत पर हैं।

- **संपत्ति का ब्यौरा भी जुटा रही पुलिस**

न्यायालय के निर्देशों के अनुसार नगरफोर्ट थाना पुलिस ने नरेश मीणा की चल-अचल संपत्ति का विवरण जुटाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। संबंधित ग्राम पंचायत से उनकी संपत्ति का पूरा रिकॉर्ड मांगा गया है, जिसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।पहले भी विवादों में रहेनरेश मीणा पर आरोप है कि 13 नवंबर 2024 को देवली-उनियारा उपचुनाव के दौरान मतदान बहिष्कार आंदोलन के बीच उन्होंने तत्कालीन एसडीएम अमित चौधरी से अभद्रता करते हुए थप्पड़ मार दिया था। इसके बाद 14 नवंबर को उन्हें गिरफ्तार किया गया और न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया था। सुरक्षा के कड़े इंतजाम आत्मसमर्पण से पहले संभावित भीड़ और कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए टोंक, देवली और उनियारा क्षेत्र में प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। जिला प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनज़र संबंधित क्षेत्रों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा का किया भव्य स्वागत

- जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने निकाय चुनाव में एकजुट होकर भाजपा का बोर्ड बनाने का किया आह्वान,
- बोलें:कार्यकर्ताओं की समस्याओं का किया जायेगा हर संभव समाधान



**चमकता राजस्थान/मनोहरपुर (खलील कुरैशी)** भाजपा मनोहरपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष रामचंद्र यादव के नेतृत्व में जयपुर जिला देहात उत्तर के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में आगामी नगर निकाय चुनाव की तैयारियों और संगठन की मजबूती पर विस्तृत चर्चा हुई।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। आगामी निकाय चुनाव में प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठित, सक्रिय और समर्पित भाव से कार्य कर भाजपा का बोर्ड बनाना होगा। संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी कार्यकर्ता की समस्या या शिकायत की अनदेखी नहीं होगी तथा आवशयकता पड़ने पर वे सीधे जिला अध्यक्ष से संपर्क कर सकते हैं, जिसका प्राथमिकता से समाधान कराया जाएगा।पूर्व जिला अध्यक्ष (एक मोर्चा) एडवोकेट बी.एस. बेनीवाल ने कहा कि टिकट एक ही कार्यकर्ता को मिलता है, इसलिए जिन कार्यकर्ताओं को अवसर नहीं मिले, उन्हें भी पार्टी हित को सर्वोपरि रखते हुए अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में पूरी निष्ठा से कार्य करना चाहिए। अनुशासन, धैर्य और समर्पण ही भविष्य में नई जिम्मेदारियों का आधार बनते हैं।मंडल अध्यक्ष रामचंद्र यादव एवं मंडल महामंत्री एडवोकेट उपेंद्र कुमार आत्रेय ने कहा कि संगठन भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को संगठित कर आगामी निकाय चुनाव में भाजपा की विजय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया।

- **ये भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण रहें मौजूद**

कार्यक्रम में संतोष माधानी, बाबूलाल गुर्जर, शिवराम धाबाई, राधेशयाम नवरंग,शयोराम गुर्जर, संपूर्णानंद शर्मा, महिपाल गुर्जर, बाला सहाय बुनकर, भंवरलाल बुनकर, बंटी सैनी, निखिलेश गोयल, सीए प्रदीप कुमार, मामराज गुर्जर निज़ाम काजी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भारतीय सेना में अविवाहित पुरुष उम्मीदवारों के लिए निकली भर्ती, 350 पदों के लिए फटाफट 7 अगस्त तक करें आवेदन

**नई दिल्ली/एजेंसी।** भारतीय सेना में नौकरी करना देश के हजारों-लाखों युवाओं का सपना होता है। अगर आप भी उन्हीं में से एक हैं, तो आपके लिए यह एक बेहतरीन मौका है। दरअसल, इंडियन आर्मी ने 68वां शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) के अंतर्गत पात्र अविवाहित पुरुष इंजीनियरिंग स्नातकों (ग्रेजुएट्स) से विभिन्न 350 पदों के लिए आवेदन एक आधिकारिक अधिसूचना जारी करके आमंत्रित किए हैं। भारतीय सेना की ओर से यह कोर्स अप्रैल 2027 में प्री-कमीशनिंग ट्रेनिंग अकादमी (पीसीटीए) में प्रारंभ होगा।

इंडियन आर्मी की ओर से जारी 350 रिक्तियों में सिविल के 75, कंप्यूटर साइंस के 60, इलेक्ट्रिकल के 33, इलेक्ट्रॉनिक्स के 64, मैकेनिकल के 101 और अन्य इंजीनियरिंग स्ट्रीम्स से 17 पद शामिल हैं।

इन सभी रिक्तियों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया 9 जुलाई से शुरू हो गई है और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 7 अगस्त तय की गई है। ऐसे में भारतीय सेना में शामिल होने के लिए एप्लीकेशन फॉर्म भरने के इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर तय अंतिम तिथि तक या उससे पहले अपना रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरा कर लें।

आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से संबंधित स्ट्रीम में इंजीनियरिंग की डिग्री होनी चाहिए। आवेदकों की न्यूनतम आयु 20 वर्ष और अधिकतम आयु 27 वर्ष तय की गई है, जिसकी गणना 1 अप्रैल 2027 के तहत की जाएगी। वहीं, आरक्षित श्रेणी से आने वाले कैंडिडेट्स को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

योग्य अभ्यर्थियों का चयन आवेदकों की शॉर्टलिस्टिंग, एसएसबी इंटरव्यू, चिकित्सा परीक्षण और मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा। प्रशिक्षण की अवधि अप्रैल 2027 से मार्च 2028 तक 49 हफ्ते की होगी। ट्रेनिंग के दौरान उम्मीदवारों को 56,100 रुपए प्रति माह स्टाइपेंड के तौर पर दिए जाएंगे। वहीं, ट्रेनिंग के बाद चयनित कैंडिडेट्स की रैंक लेफ्टिनेंट की होगी और सीटीसी लगभग 17 से 18 लाख रुपए के बीच सालाना होगी। इसके अलावा कैंडिडेट्स को अन्य लाभ और भत्ते भी दिए जाएंगे।

कैंडिडेट्स को भर्ती, योग्यता, चयन प्रक्रिया आदि से जुड़ी ज्यादा जानकारी के लिए भारतीय सेना की ओर से संबंधित पदों के लिए जारी विस्तृत नोटिफिकेशन को चेक करने की सलाह दी जाती है।

### 50 हजार की स्कूटी पर 10 लाख का जुर्माना, 96 चालान पेंडिंग देख पुलिस के भी उड़े होश

**गुरुग्राम/एजेंसी।** हरियाणा के साइबर सिटी गुरुग्राम से ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाने का एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां ट्रैफिक पुलिस ने नियमित चेकिंग के दौरान एक ऐसे स्कूटी सवार को पकड़ा है, जिसका रिकॉर्ड देखकर खुद पुलिसकर्मियों का भी सिर चकरा गया। करीब 50 हजार रुपये की कीमत वाली इस पुरानी स्कूटी पर एक-दो नहीं, बल्कि पूरे 10 लाख रुपये के 96 चालान लंबित मिले। पुलिस ने इस बड़ी लापरवाही पर सख्त एक्शन लेते हुए स्कूटी को तुरंत जब्त कर लिया है।

- **रॉन्ग साइड और बिना हेलमेट ड्राइविंग पड़ी भारी**


जानकारी के मुताबिक, गुरुग्राम के राजीव चौक पर जोनल अधिकारी एएसआई विजय सिंह अपनी टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर एक युवक पर पड़ी, जो बिना हेलमेट लगाए राजीव चौक से मेदांता अस्पताल की तरफ रॉन्ग साइड से स्कूटी चलाकर जा रहा था। पुलिस ने प्रशांत नाम के इस युवक को रोककर जब उससे स्कूटी के कागजात मांगे, तो वह कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस ने जब स्कूटी के नंबर से उसकी डिटेल सिस्टम में चेक की, तो हैरान करने वाला सच सामने आ गया।

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर 'FLO कलेक्टिव 2026' में पहुंचीं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

# कहा– स्वदेशी अपनाएं, महिला उद्यमियों और बुनकरों को दें बढ़ावा

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को आयोजित 'ऋछड कलेक्टिव 2026' प्रदर्शनी में शिरकत की। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की थीम पर आयोजित इस प्रदर्शनी में महिला सशक्तिकरण, स्वदेशी उत्पादों और राजस्थान की समृद्ध हथकरघा एवं हस्तशिल्प परंपरा को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया।



प्रदर्शनी के दौरान उपमुख्यमंत्री ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और महिला उद्यमियों व कारीगरों से उनके उत्पादों, तकनीकों और कार्यशैली की जानकारी ली। प्रदर्शनी में प्रदर्शित हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पाद सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने कहा कि यहां प्रदर्शित प्रत्येक कलाकृति हमारे कारीगरों के अद्भुत कौशल, मेहनत और समर्पण की कहानी बयां करती है, जो हमारी समृद्ध विरासत को जीवंत बनाए हुए है।




दिया कुमारी ने कहा कि 60 से अधिक महिला-संचालित और उभरते हुए ब्रांड्स का एक मंच पर आना बेहद प्रेरणादायक है। यह इस बात का प्रमाण है कि राजस्थान की हथकरघा और हस्तशिल्प परंपरा सुरक्षित और सक्षम हाथों में है। उन्होंने कहा कि देश के हस्तशिल्पकारों और बुनकरों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए तथा सभी नागरिकों को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिलेगी और महिला उद्यमियों को अपने हुनर को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर मिलेगा।

उपमुख्यमंत्री ने आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 'FLO कलेक्टिव 2026' जैसे आयोजन महिलाओं को आगे बढ़ने, आत्मनिर्भर बनने और अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करते हैं।

### नागौर की ऐतिहासिक दरगाह बड़े पीर साहब के म्यूज़ियम में लगी दरगाह के कार्येकरम के फोटो से की छेड़ छाड़

- मुफ्ती की तस्वीर को लोहे की पत्ती से किया क्षतिग्रस्त
- कोतवाली मे शिकायत दर्ज।



**चमकता राजस्थान/रिपोर्ट मोहम्मद रफीक नागौर।** नागौर सैयद सैफुद्दीन जीलानी ए रोड पर स्थित ऐतिहासिक दरगाह बड़े पीर साहब परिसर में बने म्यूज़ियम में 31 जुलाई 2026 को धार्मिक और ऐतिहासिक तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। अज्ञात व्यक्ति ने लोहे की पत्ती से राजस्थान के तत्कालीन मुफ्ती-ए-आज़म अशफ़ाक़ हुसैन नईमी (र.अ.) और एक अन्य मुफ्ती की तस्वीर को क्षतिग्रस्त कर दिया।

दरगाह के सज्जादा नशीन सैयद सदाकत अली जीलानी ने बताया कि वे रोजाना सुबह 4:30 बजे दरगाह सहित म्यूज़ियम खोलते हैं। 31 जुलाई को जब उन्होंने म्यूज़ियम खोला तो उन्होंने देखा कि दरगाह के कार्यक्रम की एक तस्वीर में लगी हुई राजस्थान के तत्कालीन मुख्य मुफ्ती अशफाक हुसैन सहित अन्य एक और मु×फ्ती की फोटो को लोहे की पत्ती से जानबूझकर खराब किया गया है। पास में लोहे की पत्ती भी पड़ी मिली।

इस घटना के बाद उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में 30 जुलाई को एक अनजान व्यक्ति म्यूज़ियम में लगी इस फोटो की और अपना हाथ बड़ा कर फोटो को क्षतिग्रस्त करता दिखाई दे रहा है।

इस घटना से दरगाह की मर्यादा को ठेस पहुंची है और श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। जीलानी ने कोतवाली थाने मे उक्त अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दी है।और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में कहा गया है कि इस तरह का असामाजिक कृत्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बिगाड़ने और भविष्य में किसी गंभीर घटना को अंजाम देने की सुनियोजित साजिश की ओर इशारा करता है। क्योंकि इस म्यूज़ियम में और भी बहुत कीमती ऐतिहासिक वस्तुएं रखी हुई हैं। जीलानी ने पुलिस से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जाए ताकि भविष्य में कोई ऐसा दुस्साहस न कर सके।

# गृह मंत्री गायब, पीएम आ नहीं रहे

### छात्र बर्बरता मामले में खरगे का सवाल- सदन में बयान देने में क्या दिक्कत?

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार के साथ-साथ पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा 15 दिन से सदन चल रहा है और गृह मंत्री गायब हैं, प्रधानमंत्री आ नहीं रहे हैं। इसके दो ही मतलब हो सकते हैं। एक या तो वे संसद को नजरअंदाज कर रहे हैं ये समझ रहे हैं कि संसद है ही नहीं। या तो वो डर के सदन में आकर उत्तर नहीं देना चाह रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम फिर कह रहे हैं कि छात्रों के साथ बर्बरता की गई। उनके ऊपर लाठीचार्ज किया गया और पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया। इस



पर पीएम मोदी को छात्रों से माफी मांगनी चाहिए और गृहमंत्री को जवाब देना चाहिए। मुझे समझ में नहीं आता कि गृहमंत्री को सदन में आकर बयान देने में क्या दिक्कत है। या तो वो डर कर सदन में नहीं आ रहे या फिर वो सदन को अनदेखा कर रहे हैं।

### राहुल के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम की नहीं मिली इजाजत, प्रियंका ने केंद्र पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने गुरुवार को प्रयागराज में 'छत्रों की गूंज' कार्यक्रम के लिए स्थल की अनुमति नहीं मिलने की आलोचना की। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि प्रशासन इस कार्यक्रम से किस बात से डर रहा है। इससे पहले, कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'छत्रों की गूंज' कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी, जो 8 अगस्त को प्रयागराज के केपी ग्राउंड में आयोजित होने वाला था। केपी कॉलेज प्रबंधन ने शैक्षणिक चिंताओं और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए अपने खेल मैदान के उपयोग के लिए पहले दी गई अनुमति को रद्द कर दिया।



प्रयागराज नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को संबोधित एक पत्र में, कायस्थ पाठशाला के कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि यह निर्णय कॉलेज के प्रधानाध्यापक से मिली जानकारी के बाद और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 14 अगस्त, 2025 के आदेश के मद्देनजर लिया गया है, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियों में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। प्रबंधन ने कहा कि अगर कार्यक्रम निर्धारित तिथि पर आयोजित किया जाता है तो दो स्कूलों के छात्र प्रभावित होंगे। उन्होंने यह चिंता भी व्यक्त की कि बारिश से बाहरी खेल मैदान को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे मरम्मत मुश्किल और समय लेने वाली हो जाएगी। पत्र में कहा गया,'इसलिए, कार्यक्रम की तिथि इस प्रकार निर्धारित की जानी चाहिए जिससे विद्यालय की गतिविधियों में कोई बाधा न आए। उच्च न्यायालय के निर्णय और वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, कृपया अपने कार्यक्रम को बरसात के मौसम के बाद, छुट्टियों के दौरान किसी तिथि पर आयोजित करें।

# लुहार मंडी के धार्मिक जलसे में गूंजा पैग़ाम-ए-मोहब्बत

**नात-ए-पाक, क़ुरआन की तालीम और नेक अख़्लाक़ पर दिया गया विशेष बल**

चमकता राजस्थान

**मनोहरपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर ग्रामीण के कस्बे मनोहरपुर स्थित लुहार मंडी मोहल्ले में आयोजित धार्मिक इस्लामिक जलसा ईमान, इल्म और भाईचारे का प्रेरणादायी संदेश देकर संपन्न हुआ। श्रद्धा और अकीदत के माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम में पेश इमाम एवं उलेमा-ए-किराम ने बच्चों और युवाओं को कुरआन शरीफ़ की तालीम, सुन्नत पर अमल, नेक अख़्लाक़ तथा अल्लाह पर पुख्ता यक़ीन रखने की नसीहत की। गौरतलब है कि यह इस्लामिक जलसा अपनी रुहानियत, और पाक कलाम नात शरीफ की तिलावत से सबको नेकी की ताकिद का बयान कर पुरख्खलूश सबाव का अहसास करवाने में कामयाब रहा

- **मासूम बच्चों ने प्यारे नबी ए करीम हज़रत मुहम्मद की शान में नात-ए-पाक पेश कर जीता सबका दिल**

कार्यक्रम के दौरान मासूम बच्चों ने अपने प्यारे नबी हज़रत मुहम्मद की शान में नात-ए-पाक पेश कर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियों को मोहल्लेवासियों ने सराहा और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।आयोजक एहसान लुहार ने बताया कि जलसा ईशा की नमाज़ के बाद रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे प्रारंभ हुआ, जो देर रात तक चला। विभिन्न स्थानों से आए उलेमा-ए-किराम ने अपने तक़रीरों में इस्लाम की शिक्षाओं, अच्छे चरित्र, सामाजिक सद्भाव, इंसानियत और आपसी भाईचारे के महत्व पर प्रकाश डाला।जलसे में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों और स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता कर दीन की बातें सुनीं। पूरे आयोजन का वातावरण आध्यात्मिक उल्लास, अमन, मोहब्बत और नैतिक मूल्यों के संदेश से सराबोर रहा। वक्ताओं ने कहा कि कुरआन और सुन्नत की तालीम पर अमल करके समाज में शांति, एकता और इंसानियत को मजबूत बनाया जा सकता है।

- **अमन-ओ-सलामती की हुई पुरख्लूश दुआएं**

कार्यक्रम के समापन पर देश में अमन-चैन, आपसी सौहार्द, खुशहाली और पूरी इंसानियत की भलाई के लिए विशेष दुआ की गई।इस अवसर पर एहसान लुहार, जाहिर लुहार, रहीस लुहार, फ़ारूक़ लुहार (चौमूं), इकराम लुहार (धानोता) तथा शरीफ़ लुहार ,मुबारक लुहार, अनवर लुहार, शाहरुख, समद आदि सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं अकीदतमंद उपस्थित रहे।

### आसाराम बापू को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली अंतरिम जमानत, कहा- 'हालत खराब होने पर दोबारा कर सकते है मांग'

**नई दिल्ली।** जोधपुर में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम बापू की खराब सेहत के आधार पर अंतरिम जमानत पर कोई आदेश देने से सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल इनकार किया है। सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम कि याचिका को पेंडिंग रखते हुए कहा कि हालत खराब होने पर दोबारा अंतरिम जमानत की मांग कर सकते हैं। राजस्थान सरकार





की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आरोप लगाया कि आसाराम ने हाईकोर्ट से 20 दिनों की परोल की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम जमानत की बात छुपाई। फिलहाल हाई कोर्ट से आसाराम को 20 दिनों की परोल मिली हुई है। अंतरिम जमानत की मांग पर पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम बापू की जमानत याचिका पर फैसला करने के लिए एम्स से विस्तृत मेडिकल रिपोर्ट मांगी थी। एम्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि आसाराम को हॉस्पिटल मे एडमिट करने की जरूरत नहीं है लेकिन उनके स्वास्थ्य की 24 घंटे निगरानी रखी जानी चाहिए।

### भारी बारिश के कारण रुद्रप्रयाग में हाई अलर्ट जारी

**उत्तराखंड।** रुद्रप्रयाग जिले में लगातार बारिश के कारण अलकनंदा और मंदाकिनी नदियों का जलस्तर बढ़ गया है, जिसके चलते जिला प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी किया है।

रुद्रप्रयाग जिला आपदा प्रबंधन विभाग ने एक घोषणा में लोगों से नदी तटों से दूर रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने का आग्रह किया है। जिला प्रशासन ने निवासियों से सतर्क रहने और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी सलाहों का सख्ती से पालन करने की भी अपील की है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी (डीडीएमओ) नंदन सिंह राजवार ने कहा, मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, चमोली और केदारनाथ जैसे उच्च हिमालयी क्षेत्रों में भारी वर्षा हुई है, जिससे रुद्रप्रयाग की नदियां, जिनमें मंदाकिनी नदी भी शामिल है, प्रभावित हुई हैं। मंदाकिनी नदी का जलस्तर चेतावनी स्तर से नीचे मापा गया है, लेकिन यदि यह अत्यधिक बढ़ता है और चेतावनी स्तर को पार कर जाता है, तो स्थानीय नगर निगम अधिकारी, पुलिस और आपदा प्रबंधन दल सक्रिय रूप से जनता को सतर्क करते हैं और नदी तटों से दूर रहने के लिए अंतिम चेतावनी जारी करते हैं। नदी तटों की निरंतर निगरानी भी की जा रही है।

उत्तराखंड में, राज्य भर में रुक-रुक कर वर्षा जारी है; भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को देहरादून, चमोली और बागेश्वर में ऑरेंज अलर्ट और हरिद्वार, टिहरी, उत्तरकाशी, पौड़ी, पिथौरागढ़, चंपावत, नैनीताल और रुद्रप्रयाग जिलों में येलो अलर्ट जारी किया। इसी बीच, उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा आगामी दिनों के लिए जारी मौसम चेतावनी को देखते हुए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सुबह आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन से फोन पर बात कर राज्य के विभिन्न जिलों की स्थिति की समीक्षा की।

आपदा प्रबंधन और पुनर्वास सचिव, विनोद कुमार सुमन ने बताया कि क्ष्टऊने कुछ जगहों पर भारी बारिश के साथ-साथ बिजली चमकने और तेज़ हवाएं चलने का अनुमान लगाया है। इस अनुमान को देखते हुए, सभी संबंधित विभागों को अलर्ट पर रखा गया है और राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र पूरे उत्तराखंड में स्थिति पर लगातार नज़र रख रहा है। सचिव ने राज्य में आने वाले लोगों और पर्यटकों से अपील की कि वे मौसम की चेतावनियों को गंभीरता से लें और सावधान, सतर्क और चौकस रहें।

# साहित्य का दायित्व समाज के यथार्थ को सामने लाना : विनोद भारद्वाज

## राजस्थान साहित्य अकादमी के सहयोग से प्रकाशित तीन किताबों का लोकार्पण

चमकता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान साहित्य अकादमी के सहयोग से प्रकाशित तीन काव्य संग्रहों 'बातों ही बातों में' (गिरजा शंकर त्रिवेदी, उदयपुर), 'नव रस गगरी छलकी जाए' (लता शर्मा 'निहान', अजमेर) और 'प्रेमरूप' (अनुराग सिहरा, करौली) का लोकार्पण कलमकार मंच और पिंकसिटी प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार विनोद भारद्वाज, डॉ. सत्यनारायण, फारूक अफरीदी, राजाराम भादू, लोकेश कुमार सिंह 'साहिल', चरणसिंह पथिक, प्रेमचंद गांधी और कलमकार मंच के राष्ट्रीय संयोजक निशांत मिश्रा ने किया।



इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार विनोद भारद्वाज ने कहा कि साहित्य का दायित्व समाज के यथार्थ को सामने लाना होता है, इसके लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि लेखक अपने आस पास एवं समाज में हो रहे घटनाक्रम व परिवर्तन पर मंथन करे और शब्दों के माध्यम से अभिव्यक्त करे। कविता का मूल्य उसके कथ्य, संवेदना और संदेश में निहित होता है। डॉ. सत्यनारायण ने कहा कि नए लेखकों को समकालीन साहित्यकारों को पढ़ना चाहिए जिससे उन्हें अपनी रचना अधिक परिष्कृत, संतुलित और प्रभावशाली बनाने में आसानी होगी।

वरिष्ठ लेखक फारूक अफरीदी ने लेखक को निरंतर अध्ययन, आत्मसमीक्षा और सामाजिक सरोकारों के प्रति सजग रहते हुए सृजन करने की सलाह दी। वरिष्ठ आलोचक एवं विचारक राजाराम भादू ने कहा कि कलमकार मंच ने हिंदी साहित्य जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है और लेखक और प्रकाशक के बीच संवाद को मजबूत किया है।

वरिष्ठ शायर लोकेंद्र कुमार सिंह 'साहिल' ने नवांकुर कवियों को व्यापक पठन-पाठन की सलाह देते हुए कहा कि कविता में भाव और विचार का संतुलित समन्वय होना चाहिए। उन्होंने एआई के माध्यम से लिखी जा रही कविताओं को भी साहित्य के सामने उभरती चुनौती बताया। मंच के राष्ट्रीय संयोजक निशांत मिश्रा ने कहा कि साहित्य की प्रत्येक विधा समय के साथ बदलती रहती है। हर विधा ने समयानुसार अपने स्वरूप और अभिव्यक्ति का विस्तार किया है तथा साहित्य को समृद्ध बनाया है। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथाकार चरणसिंह पथिक और प्रेमचन्द गांधी ने भी विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र में लता शर्मा 'निहान' व अनुराग सिहरा ने अपनी-अपनी पुस्तकों और लेखन-दृष्टि पर विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मधु खण्डेलवाल, युवा कवि विजय राही एवं महेश कुमार में तीनों काव्य संग्रहों पर समीक्षात्मक टिप्पणी की। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार दिनेश ठाकुर, राजेश शर्मा, मुखर कविता, विनीता सोनी, जनित, अरुण ठाकर 'जिन्दगी', तेजस्वी यादव सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी और पत्रकार मौजूद थे। अंत में निशांत मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बालोतराः एयरगन का प्रदर्शन कर पड़ोसियों में भय फैलाना पड़ा महंगा, युवक गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/बालोतरा।** बालोतरा जिले के गिड़ा थाना क्षेत्र में एयरगन का प्रदर्शन कर पड़ोसियों को डराने-धमकाने और सोशल मीडिया पर रील बनाकर वायरल करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एयरगन भी बरामद कर जब्त कर ली।

पुलिस अधीक्षक बालोतरा राजेश कुमार कवट, आईपीएस ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साइबर पेट्रोलिंग और लगातार निगरानी के तहत कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली एवं आपत्तिजनक गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इसी अभियान के तहत गिड़ा थाना पुलिस को एयरगन का प्रदर्शन कर लोगों को भयभीत करने की सूचना मिली। परिवादी की रिपोर्ट पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मामले का सत्यापन किया। जांच के दौरान सोनाराम पुत्र नारायणराम, निवासी पूनियों का तला, थाना गिड़ा के कब्जे से एयरगन बरामद हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी एयरगन दिखाकर पड़ोसियों में भय का माहौल पैदा कर रहा था तथा इसकी रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एयरगन जब्त कर ली। कार्रवाई हरफूलसिंह आरपीएस, योगेश चौधरी आरपीएस के सुपरविजन और थानाधिकारी बाबूलाल के नेतृत्व में की गई। बालोतरा पुलिस ने आमजन से अपील की है कि हथियारों का अनावश्यक प्रदर्शन और आपत्तिजनक सामग्री सोशल मीडिया पर प्रसारित करने से बचें।

### संत गुरु रविदास जयंती वर्ष के अवसर पर जनसंपर्क अभियान की शुरुआत



**चमकता राजस्थान/दौसा।(दीपक शर्मा बामनवास)** भारतीय जनता पार्टी दौसा के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने आज दौसा राम मंदिर में रथ का भव्य एवं हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया।महामंडलेश्वर अमर दास महाराज ने पवित्र कलश एवं रथ का विधिवत पूजन किया तथा समस्त दौसा जिले के नगरवासियों के सुख,समृद्धि, शांति एवं लोककल्याण की मंगलकामना की गई।संत गुरु रविदास की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर दौसा जिले को सामाजिक समरसता को केंद्र में रखकर बड़े जनसंपर्क अभियान की शुरुआत हुई। आज राम मंदिर गुप्तेश्वर रोड दौसा से भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला ने जिलास्तरीय समरसता संकल्प अभियान की शुरुआत करते हुए वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर से लाई गई पवित्र रज के कलश को दौसा जिले की समस्त विधानसभा के लिए कलश वंदन यात्रा रथ को रवाना किया गया,अभियान के तहत यह पवित्र रज प्रत्येक विधानसभा के सभी मंडलों और गांवों तक पहुंचाई जाएगी। दौसा लोकसभा प्रत्याशी कन्हैया लाल मीना ने कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति जात-पात से ऊपर उठकर राष्ट्र-प्रथम की भावना है,हमारी संस्कृति किसी को बांटने की नहीं, बल्कि सबको साथ लेकर चलने की है। दौसा विधानसभा प्रत्याशी जगमोहन मीणा ने कहा संत रविदास ने सदियों पहले समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का मार्ग दिखाया। उन्होंने एक ऐसे आदर्श समाज की कल्पना की थी जिसमें किसी प्रकार का दुख, भेदभाव और शोषण नहीं हो।राम मंदिर के महामंडलेश्वर अमर दास जी महाराज ने कहा संत रविदास हमारी श्रृद्धा और विश्वास का केन्द्र हैं, इसलिए हम उनकी जयंती मना रहे हैं। भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ.प्रभु दयाल शर्मा ने कहा यह पावन कलश केवल श्रद्धा का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समानता, भाईचारे और मानवता के संदेश का भी प्रेरणास्त्रोत है,कांग्रेस ने हमारे महापुरुषों के सम्मान को कम करने का काम किया गया लेकिन पीएम मोदी ने पहचाना कि देश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पैदा करने के लिए महापुरुषों के बारे में युवा पीढ़ी को बताना जरूरी है।

## कन्या वाटिका वृक्षारोपण अभियान में महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी 40 पौधों का पौधारोपण किया

**चमकता राजस्थान/रायसिंहनगर ( जिला संवाददाता संजय बिश्नोई) 16 पीएस।** ग्राम पंचायत 16 पीएस में पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कन्या वाटिका वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व साथिन पूनम कुमारी ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए।




कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर साथिन पूनम कुमारी ने कहा कि क्षेत्र में पेड़-पौधों की कमी को देखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, वर्षा को बढ़ावा देने, स्वच्छ हवा उपलब्ध कराने तथा जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए।

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आमजन से भी वृक्षारोपण अभियान से जुड़ने और हरियाली बढ़ाने की अपील की। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम प्रेरणादायक और सफल रहा।

स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। अभियान के दौरान लगाए गए पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल सुनिश्चित करने का भी संकल्प लिया गया, ताकि क्षेत्र में हरियाली बढ़े और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को मजबूती मिल सके।

## महिला सशक्तिकरण केंद्र (DHEW) लखीसराय की पहल से छात्रा का हुआ नामांकन

चमकता राजस्थान

**लखीसराय से सौरव कुमार/लखीसराय।** महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण केंद्र , लखीसराय की पहल से कराया गया छात्रा का नामांकन लखीसराय सदर प्रखंड के बेलोरी गांव वार्ड संख्या 05 स्थित निवासी गायत्री देवी पति धर्मेंद्र चौधरी ने अपनी कुल नौ संतानों में से चौथे क्रम की बच्ची सोनम कुमारी का नामांकन के लिए महिला सशक्तिकरण कार्यालय से संपर्क स्थापित किया। जहां हब (DHEW) के जिला मिशन समन्वयक प्रशांत कुमार ने आवश्यक कागजात तैयार करवाकर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहाड़पुर, बड़हिया में जाकर छात्रा सोनम कुमारी का वर्ग षष्ठ में नामांकन कराया गया।



नामांकन होने पर छात्रा एवं उनके माता पिता ने खुशी जाहिर की और संबंधित सभी कर्मियों का आभार जताया। इस दौरान छात्रा और उनके मां को वहां के वार्डन सह शिक्षिका सुधा कुमारी ने छात्रावास परिसर और वहां की व्यवस्था और अनुशासन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अलावा जिला मिशन समन्वयक प्रशांत कुमार ने उन्हें महिला सशक्तिकरण केंद्र द्वारा संचालित महिला हेल्पलाइन नंबर 181 सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। पूरे प्रकरण में लैंगिक विशेषज्ञ किस्मत कुमारी, नवीन कुमार का भी सराहनीय योगदान रहा।


## कार्यालय नगरपालिका मण्डल बसेडी (धौलपुर) राज0

दिनांकः- 06/08/2026 क्रमांकः- न.पा.ब./ भूमि/2026/3082

### आपत्ति आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदकों ने 69ए / स्टेट ग्रांट आवेदन प्रस्तुत किये हैं। जिनका विवरण निम्नानुसार हैं :-

| क्र. सं. | नाम | पत्रावली विषय | भूखण्ड संख्या /योजना का नाम | खसरा नं. | राजस्व ग्राम | भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गमीटर मे) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गंभीर सिंह पुत्र श्रीराम | स्टेट ग्रांट | नगला दरवेशा बसेडी | 1678 | नगला दरवेशा | 31.58 |
| 2. | जितेन्द्र सिंह, राजकुमार पुत्रगण बनवारी सिंह | स्टेट ग्रांट | प्रधान गली बसेडी | 1290 | बसेडी 2 | 196.76 |
| 3. | पवन कुमार शर्मा पुत्र दामोदर दयाल शर्मा | 69ए | चच्चू कॉलोनी बसेडी | 1110 | तिमासिया | 50.16 |
| 4. | पवन कुमार शर्मा पुत्र दामोदर दयाल शर्मा | 69ए | कृष्णा कॉलोनी-2 बसेडी | 2263 | बसेडी 2 | 111.48 |
| 5. | जयदेवी पत्नी दामोदर | 69ए (वाण्जियिक) | कृष्णा कॉलोनी-2 बसेडी | 2260 | बसेडी 2 | 125.41 |
| 6. | जयदेवी पत्नी दामोदर | 69ए (आवासीय) | कृष्णा कॉलोनी-2 बसेडी | 2263 | बसेडी 2 | 153.28 |
| 7. | दया शंकर शर्मा, रमा शंकर शर्मा पुत्रगण रन छोर शर्मा | 69ए | छाहर बसेडी | 1913 | तिमासिया | 125.41 |
| 8. | दया शंकर शर्मा, रमा शंकर शर्मा पुत्रगण रन छोर शर्मा | 69ए | छाहर बसेडी | 1913 | तिमासिया | 125.41 |
| 9. | मुकेश शर्मा, हरिओम शर्मा, अशोक, सतीश, रामवीर पुत्रगण जगदीश शर्मा<br>शरोज पत्नी राजेश कुमार, कमलेश पत्नी हरिशंकर | 69ए | तिमासिया बसेडी | 1263 पु. | तिमासिया | 48.07 |
| 10 . | विष्णु सोनी पुत्र माताप्रसाद, रेखा सोनी पत्नी विष्णु सोनी | स्टेट ग्रांट | प्रधान गली बसेडी | 1290 | बसेडी 2 | 135.54 |
| 11 . | रामबेटी पत्नी शंकर | स्टेट ग्रांट | पोखरा मौहल्ला बसेडी | 1290 | बसेडी 2 | 31.59 |

उक्त पत्रावलियों पर यदि किसी व्यक्ति / संस्था / राजकीय विभाग / अन्य को आपत्ति है तो मय साक्ष्य दस्तावेज 7 दिवस के अन्दर पालिका कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

क्रमांकः- न.पा.ब./भूमि/2026-27/3083-84

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका, बसेड़ी**


# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

## अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

चमकता राजस्थान

**धौलपुर ब्यूरो चीफ : रामदास तरुण।** धौलपुर/बाड़ी, 6 अगस्त। आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी. के निर्देशन में उपखंड अधिकारी (एसडीएम) अमित कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में समारोह से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध, समन्वित एवं गुणवत्तापूर्ण तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम अमित कुमार वर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह राष्ट्र की गरिमा और सम्मान का प्रतीक है। इसे परंपरागत, गरिमामयी एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किया जाए तथा सभी विभाग अपने-अपने दायित्वों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने समारोह स्थल पर बैठक व्यवस्था, पेयजल, टेंट, साउंड सिस्टम, निमंत्रण पत्र, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, साफ- सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस पर वितरित की जाने वाली मिठाई का रसद विभाग से गुणवत्ता परीक्षण करवाने के उपरांत ही वितरण किया जाए, ताकि आमजन एवं विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही 14 एवं 15 अगस्त को सभी राजकीय भवनों तथा प्रमुख चौराहों पर आकर्षक विद्युत सज्जा करने तथा राष्ट्रीय पर्व एवं उसकी पूर्व संध्या पर पूरे शहर में विशेष सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। एसडीएम वर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों से आपसी समन्वय, जिम्मेदारी और समयबद्धता के साथ कार्य करते हुए सौंपे गए दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने का आ''ान किया, ताकि स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन पूर्ण गरिमा, अनुशासन एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी डॉ. हरकिशन मंगल, सीबीओ दिलीप चाहर, रामप्रसाद राघव, प्रधानाचार्य हरिओम सिकरवार, सहायक विकास अधिकारी राजेश शर्मा, सहायक विकास अधिकारी फिरोज खान, सांख्यिकी अधिकारी अरविंद कुमार, जेईएन जलदाय विभाग रविंद्र कुमार मीणा, समाज कल्याण विभाग अंकेश भारद्वाज, प्रोग्रामर उमेश शर्मा, कृषि पर्यवेक्षक राम खिलाड़ी मीणा, विद्युत विभाग के एईएन आर. डी. मीना, चंद्र प्रकाश मीणा, निश्चल बनर्जी, तपेश बिधूड़ी तथा ट्रैफिक इंचार्ज जितेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929